उज्जैन
बुधवार
22
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-168
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



युजवेंद्र चहल के साथ डेटिंग पर बोलीं शेफाली बग्गा डिनर करने को लोग डेटिंग समझते हैं, सोच कितनी छोटी है शेफाली विराट कोहली जैसा पार्टनर चाहती हैं

पेज- 8

## अमेरिका ने पाकिस्तान की अपील पर सीजफायर बढ़ाया



**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका, पाकिस्तान की अपील पर ईरान के साथ चल रहे युद्धविराम (सीजफायर) को आगे बढ़ा रहा है। हालांकि उन्होंने यह नहीं कहा कि यह कितने दिन के लिए बढ़ाया गया है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के अंदर इस समय नेतृत्व और सरकार में एकजुटता नहीं है। ऐसे वक्त में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ ने उनसे ईरान पर कुछ समय तक हमले रोकने की अपील की, ताकि ईरान को साझा प्रस्ताव तैयार करने का वक्त मिल सके। ट्रम्प ने कहा कि इस अपील को मानते हुए उन्होंने अमेरिकी सेना को फिलहाल हमला रोकने का आदेश दिया है।

## केदारनाथ धाम में मोबाइल और वीडियो बनाने पर सख्त पाबंदी

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की यात्रा शुरू होने से ठीक पहले, रुद्रप्रयाग पुलिस और मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किया है। मंदिर परिसर की गरिमा और पवित्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन ने केदारनाथ मंदिर के भीतर मोबाइल फोन, कैमरे और ड्रोन के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। अब मंदिर के गर्भगृह और परिसर में कोई भी श्रद्धालु रील नहीं बना सकेगा और न ही वीडियोग्राफी कर पाएगा। रुद्रप्रयाग की पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने मंगलवार को इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए गए।

## बंगाल दौरे पर सियासी घमासान राहुल गांधी की 23 अप्रैल की यात्रा रद्द



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में उस समय एक नया और नाटकीय मोड़ आ गया जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का आगामी 23 अप्रैल को निर्धारित कोलकाता दौरा अचानक रद्द करना पड़ा। इस घटना ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के बीच चल रही तनातनी को और अधिक सार्वजनिक कर दिया है। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी के दौरे के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस से अनुमति प्राप्त नहीं हो सकी, जिसके चलते अंतिम क्षणों में कार्यक्रम को स्थगित करने का कठिन निर्णय लेना पड़ा।

## जापान दूसरे देशों को घातक हथियार बेचेगा

**टोक्यो।** जापान ने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद अपनी शांतिवादी नीति में बड़ा बदलाव किया है। प्रधानमंत्री साने ताकाइची की कैबिनेट ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगी दशकों पुरानी रोक हटा दी है। इसके तहत अब जापान फाइटर जेट, मिसाइल और वॉरशिप जैसे हथियार दूसरे देशों को बेच सकेगा। मंगलवार को  पर पोस्ट करते हुए ताकाइची ने कहा कि अब सभी रक्षा उपकरणों का ट्रांसफर संभव होगा। उन्होंने कहा कि हथियार सिर्फ उन देशों को दिए जाएंगे जो यूएन चार्टर (संविधान) के मुताबिक उनका इस्तेमाल करने का वादा करेंगे। जापान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कई देश जापानी हथियार खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। हाल ही में जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 अरब डॉलर का समझौता हुआ है।

# अश्लील वीडियो कांड से दहला देश

## 180 लड़कियों के वीडियो वायरल करने वाले अयान की लग्जरी लाइफ ने खोले गहरे राज

**ब्रह्मास्त्र ›› अमरावती**

महाराष्ट्र का अमरावती जिला इन दिनों एक ऐसी वीभत्स घटना से थर्रा उठा है, जिसने न केवल स्थानीय प्रशासन बल्कि पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। परतवाड़ा इलाके से सामने आया यह अश्लील वीडियो कांड किसी भी सामान्य अपराध से कहीं अधिक गहरा और भयावह है। मामले का मुख्य आरोपी अयान अहमद है, जिसने लगभग 180 युवतियों के 350 से अधिक आपत्तिजनक वीडियो बनाकर न केवल उनका यौन शोषण किया, बल्कि उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल कर पीड़ितों की अस्मिता और सम्मान को तार-तार कर दिया। इस घटना ने एक बार फिर डिजिटल युग में महिलाओं की सुरक्षा और साइबर अपराधों के बढ़ते नेटवर्क पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने अयान अहमद को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन उसकी गिरफ्तारी के साथ ही जो खुलासे हो रहे हैं, वे किसी बड़े सुनियोजित गिरोह की तरफ इशारा कर रहे हैं।





आरोपी अयान अहमद की गिरफ्तारी के बाद उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स और वायरल क्लिप्स की जब पुलिस ने गहन पड़ताल की, तो उसकी जीवनशैली देखकर जांच अधिकारी भी दंग रह गए। वायरल वीडियो में अयान का जो स्वरूप सामने आया है, वह किसी साधारण अपराधी का नहीं, बल्कि एक ऐसे रसूखदार व्यक्ति का है जो खुलेआम कानून को चुनौती देता नजर आता है। क्लिप्स में उसे महंगी और लग्जरी गाड़ियों में घूमते, हाथ में पिस्टल लहराते और हाथों में नकदी (कैश) व कई महंगे आईफोन के साथ देखा गया है। अपनी इन हरकतों के जरिए वह खुद को समाज में एक 'पावरफुल' शख्स के तौर पर पेश करने की कोशिश कर रहा था। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर एक साधारण दिखने वाले युवक के पास इतना धन और संसाधनों का स्रोत क्या है? पुलिस अब अयान की आय के स्रोतों की जांच कर रही है और इस संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है कि वह किसी बड़े आपराधिक सिंडिकेट या गैंग का हिस्सा हो सकता है, जहां से उसे इस घिनौने कृत्य के लिए फंडिंग मिल रही है।

**वीडियो बनाकर मानसिक और शारीरिक शोषण किया-** अमरावती का यह मामला हाल के दिनों में वायरल हुए कई अन्य विवादित क्लिप्स, जिनमें 19 मिनट 34 सेकंड का कुख्यात वीडियो भी शामिल है, से कहीं अधिक डरावना और सुनियोजित प्रतीत होता है। इस मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि परतवाड़ा की 180 लड़कियों को निशाना बनाया गया। अपराधियों ने न केवल उनके निजी पलों का वीडियो बनाया, बल्कि उन्हें ब्लैकमेलिंग और सोशल मीडिया पर प्रसार का हथियार बनाकर उनका मानसिक और शारीरिक शोषण किया। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, महाराष्ट्र से अन्य चौंकाने वाले मामले भी सामने आ रहे हैं, जिनमें नासिक का ढोंगी अंकशास्त्री मामला हो या किसी बड़ी कॉर्पोरेट कंपनी में 'कॉर्पोरेट जिहाद' के नाम पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, ये सभी घटनाएं एक साथ मिलकर समाज में फैल रहे साइबर अपराधों के उस अंधेरे पक्ष को उजागर कर रही हैं, जो आज के समय में हर महिला के लिए एक बड़ा खतरा बन चुका है।

## महाकाल की शरण में सांसद-एक्टर रवि किशन



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

भोजपुरी और हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता एवं गोरखपुर से सांसद रवि किशन ने बुधवार सुबह श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन किए। वे भस्म आरती के पश्चात मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पहुंचने के बाद रवि किशन ने सबसे पहले नंदी हॉल में पूजा-अर्चना की और फिर चांदी द्वार से भगवान महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने जल अर्पित कर भगवान का स्मरण किया और लगातार महाकाल का जाप करते नजर आए। करीब 15 मिनट तक मंदिर परिसर में रहकर उन्होंने श्रद्धा के साथ दर्शन किए और देश-प्रदेश के कल्याण की कामना की। दर्शन के बाद रवि किशन ने कहा कि जब भी बाबा महाकाल के दिव्य दर्शन का अवसर मिलता है, जीवन धन्य हो जाता है।

### भागवत बोले- विज्ञान और धर्म दोनों से नहीं मिली शांति

## राजा से विज्ञान तक सब मॉडल फेल

**ब्रह्मास्त्र ›› अगरतला**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि 2000 साल तक शासन, धर्म और विज्ञान के अलग-अलग प्रयोगों के बाद अब दुनिया भटक गई है और भारत के ज्ञान की ओर देख रही है। उन्होंने यह बात त्रिपुरा के मोहनपुर में धार्मिक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि कुछ दुष्ट शक्तियां इस बात से चिंतित हैं कि अगर भारत अपनी सदियों पुरानी सभ्यतागत ताकत के सहारे आगे बढ़ा, तो उनकी दुकानें बंद हो जाएंगी।

भागवत मां सौंदर्य चिन्मयी मंदिर के प्रतिष्ठा और कुंभाभिषेक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के लोगों के बीच धार्मिक और भाषाई आधार पर फूट डालने की कोशिशें की जा रही हैं। भारत की असली ताकत उसकी विविधता में एकता में निहित है। भागवत ने कहा, जिन देशों का इतिहास 4,000 या 5,000 साल से ज्यादा पुराना नहीं है, वहां एक धर्म और एक भाषा हो सकती है, लेकिन भारत पूरी तरह से अलग है। इसका इतिहास, परंपरा और संस्कृति बहुत पुरानी और समृद्ध है। उन्होंने लोगों से एकजुट रहने और फूट डालने की कोशिशों को नाकाम करने का आग्रह किया। कहा, हालात चाहे जैसे भी हों, डरने की कोई जरूरत नहीं है।

## गुजरात में फूड पॉइजनिंग से 200 लोग बीमार

### 59 को अस्पताल में भर्ती, शादी में आम का जूस पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ी

**ब्रह्मास्त्र ›› दाहोद**

गुजरात के दाहोद जिले में शादी के दौरान फूड पॉइजनिंग से 200 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। इनमें से 59 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना सोमवार रात की है।

शादी में 400 से ज्यादा लोग पहुंचे थे। रात 8 बजे के आसपास डिनर शुरू हुआ। कुछ लोगों के मुताबिक, आम का जूस पीने के बाद तबीयत बिगड़ने लगी।

बीमार लोगों को तुरंत नजदीकी सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराया गया। बाद में यह संख्या 200 से ज्यादा हो गई। दाहोद कलेक्टर योगेश निगुर्डे ने बताया कि अभलोड गांव में शादी के दौरान खाना खाने के बाद 230 लोगों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत हुई। डॉक्टर डॉ. राजीव डामोर ने बताया कि अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों की हालत ठीक है।





# अब फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक के तहत  नई सड़कें बनाई जाएंगी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन सहित प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में अब फुल डेप्थ रिक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक के तहत ही नई सड़कें बनाई जाएंगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने प्रत्येक नगर निगमों और संभाग स्तर के अधिकारियों को एफडीआर तकनीक से सड़कें बनाने को लक्ष्य दिया है। साथ ही यह भी स्पष्ट व किया किया गया है कि इस काम में बहोना नहीं चलेगा कि हम नहीं बना सकते हैं।

ऐसे पुराने मार्ग चिह्नित किए जाएंगे, जहां सड़क ऊंची हैं और मकान नीचे हैं। इन पुरानी सडकों को उखाडकर इससे निकली सामग्री (डामर, कंक्रीट और मिट्टी) को 100 प्रतिशत रिसाइकिल करके नई और मजबूत सड़क बनाई जाएगी।



बता दें कि एफडीआर तकनीकी मैं पुरानी सडक को उखाड़कर, उसमें सीमेंट, केमिकल मिलाकर, फिर से बिछाकर कंप्रेस किया जाता है, जिससे लागत 40-50 प्रतिशत कम हो जाती है। यह सड़क निर्माण का एक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल तरीका है। दरअसल, प्रदेश के शहरों में अधिकांश सड़कें ऐसी हैं जिन पर सड़क के ऊपर सड़क बना दी गई है। एक के बाद एक लेयर डालने से सड़कों की ऊंचाई इतनी बढ़ गई है कि पास के मकान सड़कों से नीचे हो गए हैं। ऐसी दशा में घर के अंदर का पानी बाहर आना, बाहर से ड्रेन आउट करना मुश्किल हो जाता है।

### सीजीबीएम तकनीक से भी बनाई जाएंगी सड़कें

सीमेंट ग्राउटेड बिटुमिन मिक्स (सीजीबीएम) तकनीक से भी सड़कें बनाई जाएंगी। यह सड़क निर्माण की एक हाइब्रिड या अर्ध-लचीली तकनीक है, जिसमें लचीले और कठोर दोनों प्रकार के फुटपाथों के गुण होते हैं। यह तकनीक विशेष रूप से भारी ट्रैफिक, जलभराव वाले क्षेत्रों और ऐसे स्थानों के लिए बहुत उपयोगी है जहां बसों के रुकने (बस स्टॉप) या बार-बार ब्रेक लगाने के कारण सड़कों के उखड़ने का खतरा ज्यादा होता है। प्रदेश में इस तकनीक से भी सड़कें बनाई जाएंगी।

## यूएन दूत बोलीं- भारत ने इजराइल की मदद कर कानून तोड़ा

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**



**हथियार भेजना नियमों के खिलाफ, इससे ग्लोबल सिस्टम कमजोर हो रहा**

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में भारत पर अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल के साथ उसके संबंध और युद्ध के समर्थन को लेकर भारत की कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

टॉर्चर एंड जेनोसाइड नाम की इस रिपोर्ट को यूएन स्पेशल दूत फ्रांसेस्का अल्बनीज ने 23 मार्च को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पेश किया। द हिंदू से बात करते हुए उन्होंने भारत पर आरोप लगाया कि इजराइल के साथ करीबी संबंधों के चलते भारत अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन कर रहा है और उसे इसकी जिम्मेदारी उठानी पड़ सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ने इजराइल के कब्जे को गलत बताया है और देशों से हथियारों का लेन-देन रोकने को कहा है। इसके बावजूद भारत का हथियार भेजना नियमों के खिलाफ हो सकता है। उन्होंने कहा कि कानून के साथ-साथ भारत की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। उनका मानना है कि भारत का इतिहास और न्याय की सोच ऐसे फैसलों के खिलाफ खड़ी होती है, लेकिन अभी सरकार का रुख उससे अलग नजर आ रहा है।

## खबर एक नजर...

### हिरासत में आये चार युवकों के पास मिली सट्टा पर्ची

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र में कुछ दिनों से चार युवकों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर सट्टा खाईवाली की जा रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने गुरला रोड पर घेराबंदी की। इस दौरान एक युवक ईमली गोदाम, दूसरा चाय की गुमटी, तीसरा गोपी गार्डन और चौथा गुरला मार्ग से हिरासत में आ गया। चारों के पास से सट्टा अंक पर्ची के साथ 24 रुपए के करीब नगद रुपए बरामद किये गये। चारों के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा 4 (क) में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### कार चालक पर एक माह बाद दर्ज किया केस

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलोदापंथ फंटे पर 22 मार्च को हुई दुर्घटना में बाइक सवार आशीष पिता बाबूलाल मकवाना 18 साल निवासी ग्राम कडियाली उन्हेल की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम किया था। एक माह की जांच के बाद मामले में कार क्रमांक एमपी 09 बीडी 4227 के चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज किया गया है।

### स्कूली बस से टकराई बाइक, 3 घायल

**उज्जैन।** आगररोड घट्टिया तहसील में मंगलवार सुबह स्कूली बस से बाइक सवार टकरा गये। दुर्घटना में बाइक पर सवार महिला और 2 युवक घायल हो गये। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम जगोटी फंटा पर कार्मल स्कूल की बस से बाइक टकरा गई। बाइक पर मोहननगर निवासी कैलाशसिंह उनकी पत्नी सीमा और भाई मांगीलाल सवार थे, तीनों को को गंभीर चोंट आई। मौके पर ड्युटी कर रहे पुलिसकर्मी दीपक यादव ने एम्बुलेंस को कॉल किया और तीनों को घट्टिया स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उज्जैन रैफर कर दिया गया। घायलों के परिजनों ने बताया कि तीनों आगर रिश्तेदारी में जा रहे थे। मामले में पुलिस का कहना था कि बस में विद्यार्थी सवार थे, घटना के बाद बस को स्कूल के लिये रवाना कर दिया गया था। मामला जांच में है, घायलों के बयान दर्जकर आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।

### रामानुजाचार्य जन्मोत्सव पर आज निकालेंगे चल समारोह

**उज्जैन।** रामघाट मार्ग स्थित रामानुज कोट आश्रम में 22 अप्रैल को रामानुजाचार्य का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज और युवराज स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य महाराज के सान्निध्य में परंपरागत चल समारोह निकाला जाएगा। आश्रम के प्रबंधक पंडित आत्माराम शर्मा के अनुसार सुबह 8 से 10 बजे तक विद्वान आचार्यों, पंडितों और बटुक ब्राह्मणों द्वारा भगवान का महाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संत-महापुरुषों के आशीर्वचन होंगे। दोपहर 12 बजे आरती के साथ महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इसके बाद शाम 6.30 बजे से रामानुज कोट आश्रम से चल समारोह प्रारंभ होगा। इसमें अयोध्या से आए बैकुंठ नाथ मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी श्याम नारायण आचार्य महाराज तथा डभोई, बड़ौदा से आए पीठाधीश्वर स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज, स्वामी रमेशाचार्य महाराज सहित उज्जैन के संत-महंत शामिल होंगे।

### अभा ब्राह्मण समाज ने किया रथ का पूजन, चल समारोह निकाला

**उज्जैन।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने परशुराम जयंती पर सोमवार शाम 6 बजे सावन-भादौ मंदिर, पीएचई ऑफिस, चामुंडा माता चौराहा से भगवान परशुराम और जगत गुरु शंकराचार्य के रथों का पूजन कर चल समारोह निकाला। चल समारोह देवास गेट, मालीपुरा, दौलतगंज चौराहा, नई सड़क, फव्वारा चौक से होते हुए औदिच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला, क्षीरसागर पहुंचा। यहां भगवान परशुराम स्नेह भोज के साथ समापन हुआ।

### नियमों का पालन करें अन्यथा वाहन लायसेंस नवीनीकरण होने में आ जाएगी परेशानी

# लालबत्ती झेबरा क्रासिंग का नियम तोड़ना पड़ेगा महंगा

## वाहन चालान की हिस्ट्री से लायसेंस नवीनीकरण में बन सकती है बाधा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अगर आप वाहन चालन करते समय बराबर लाल बत्ती एवं झेबरा क्रासिंग सहित परिवहन के नियमों की अनदेखी कर रहे हैं जान बुझकर नियमों को तोड रहे हैं तो सतर्क हो जाएं। लायसेंस नवीनीकरण के समय आपको परेशानियों का सामना करना पड सकता है। उस दौरान आपके वाहन चालन का रेकार्ड सामने आने पर आपको शोकाज नोटिस मिल सकता है उसका जवाब देना पड सकता है। संबंधित अथारिटी लायसेंस निलंबित एवं निरस्त भी कर सकती है।

यातायात नियमों का पालन करना आपकी और दूसरे ड्राइवर की जान बचा सकता है। दूसरी ओर, यातायात नियमों का पालन नहीं करना न केवल आपकी व अन्य किसी की जान जोखिम में डालेगा, बल्कि अब आपका ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण नहीं होने देगा। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की नई गाइडलाइन में यह प्रावधान किया गया है।

### लायसेंस के लिए ये है नए प्रावधानों में

नए नियमों के अनुसार व्हीकल ऑनर्स की चालान हिस्ट्री रिपोर्ट के आधार पर ही ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू होगा। तीन बार से ज्यादा दंडात्मक कार्रवाई की स्थिति में रिन्यू लायसेंस नहीं मिलेगा। वाहनों की बीमा में भी इसी प्रकार की सख्ती दिखाई गई है। अब बगैर थर्ड पार्टी बीमा के कोई भी गाड़ी नहीं चला सकेंगे। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने नई गाइडलाइन भेजी है। इसके तहत 15 साल पुरानी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण एवं ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण करते वक्त व्हीकल ऑनर्स की चालान हिस्ट्री रिपोर्ट देखी जाएगी। प्रदेश में भी इसका पालन किया जा रहा है। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की नई गाइडलाइन के अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस अब हर हाल में व्हीकल ऑनर्स की चालान हिस्ट्री रिपोर्ट के आधार पर ही बनाया जाएगा। इसमें सख्त प्रावधान है कि यदि तीन बार से ज्यादा दंडात्मक कार्रवाई दर्ज पाई गई तो लायसेंस रिन्यु नहीं होगा।

### थर्ड पार्टी बीमा के बगैर नहीं चला सकेंगे वाहन



इसी प्रकार सडक पर अब बगैर थर्ड पार्टी बीमा कोई भी गाड़ी संचालित नहीं की जा सकेगी। दो पहिया एवं चार पहिया गाडियों को शोरुम से खरीदने के 3 साल बाद व्हीकल ऑनर्स को थर्ड पार्टी बीमा करवाना अनिवार्य है। दुर्घटना की स्थिति में थर्ड पार्टी बीमा ही घायल या मृतक को अदालत द्वारा निर्धारित मुआवजा दिलाने में सहायक साबित होता है।

### 61 प्रमुख संशोधन



सडक सुरक्षा और बेहतर निगरानी के उद्देश्य से विभाग ने 61 प्रमुख संशोधनों की तैयारी की है। प्रस्तावित बदलावों के अनुसार, अब बिना बीमा वाले वाहनों को जब्त करने का अधिकार परिवहन उड? दस्ते को मिलेगा। नियम उल्लंघन और जुमार्ना लंबित होने की स्थिति में आरसी को निलंबित किया जा सकेगा। वाहन खरीद की तारीख से ही पंजीकरण की वैधता मानी जाएगी।

-पूर्व से ही गाईड लाईन आ चुकी है। इस पर काम चल रहा है।इसमें अधिकारी ने अगर 3 बार चालान किया है और दंडात्मक स्थिति रही है तो ऐसे वाहन चालकों को परिवहन एक्ट के सेक्शन 19,20 में शोकाज नोटिस का जवाब लेकर ही लायसेंस नवीनीकरण किया जाता है। लायसेंस निलंबित एवं निरस्त के अधिकार संबंधित अथारिटी को हैं।

**-संतोष मालवीय,क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी,उज्जैन**

# अभिनेता अनुपम खेर,अभिनेत्री शुभांगी दत्त और गायक निंजा उज्जैन पहुंचे

## बाबा महाकाल के किए दर्शन, आरती में शामिल होकर आशीर्वाद लिया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अनुपम खेर, फिल्म अभिनेत्री शुभांगी दत्त और पंजाबी गायक अमित भल्ला मंगलवार को महाकाल मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में आयोजित आरतियों में शामिल होकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया।

अभिनेता अनुपम खेर और अभिनेत्री शुभांगी दत्त भोग आरती में शामिल हुए, जबकि निंजा के नाम से मशहूर पंजाबी सिंगर और अभिनेता अमित भल्ला तड़के 4 बजे होने वाली भस्म आरती में शामिल हुए।

**देर रात पहुंचे थे उज्जैन-** अमित भल्ला रात करीब 2 बजे महाकाल मंदिर पहुंचे और करीब दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती में शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने नंदी जी का पूजन कर कान में अपनी मनोकामना भी कही।

वहीं, अनुपम खेर और शुभांगी दत्त ने भोग आरती में शामिल होने के बाद मंदिर परिसर के अन्य मंदिरों में दर्शन किए। अनुपम खेर ने कहा कि मंदिर में





आकर बहुत सुखद अनुभूति हुई। मंदिर समिति अच्छा कार्य कर रही है और बाबा महाकाल के दरबार में आत्मा शुद्ध हो जाती है। अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने कहा कि वह पहली बार महाकाल मंदिर आई हैं और भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेना चाहती थीं।

### संजय मिश्रा, विक्रम प्रताप ने महाकालेश्वर में किए दर्शन

अभिनेता संजय मिश्रा और विक्रम प्रताप ने मंगलवार देर शाम उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया और पारिवारिक शादी सकुशल संपन्न होने पर आभार व्यक्त किया। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में इन दिनों फिल्मी हस्तियों का आना-जाना लगा रहता है। इसी कड़ी में बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा और फिल्म अभिनेता विक्रम प्रताप मंगलवार देर शाम मंदिर पहुंचे। दर्शन के दौरान दोनों कलाकारों ने नंदी हॉल में बैठकर 'ॐ नमः शिवाय' का जाप किया। संजय मिश्रा भगवा धोती और शर्ट पहने हुए थे। संजय मिश्रा ने बताया कि वे पहले भी कई बार महाकाल के दर्शन कर चुके हैं और हर बार उन्हें यहां आकर विशेष शांति मिलती है। विक्रम प्रताप ने भी इस अनुभव को सौभाग्यशाली बताया। अभिनेता संजय मिश्रा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ऱ्मैं पहले भी कई बार यहां आ चुका हूं। घर में शादी थी, सब कुछ सकुशल हुआ, यह बाबा महाकाल की कृपा है।

# नेशनल जिम्नास्टिक में भाग लेने आज उज्जैन टीम भुवनेश्वर रवाना होगी




ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भुवनेश्वर में 28 अप्रैल से 4 मई तक होने वाली नेशनल जिमनास्टिक प्रतियोगिता के लिए उज्जैन की जिमनास्टिक टीम बुधवार को प्रस्थान करेगी। यह राष्ट्रीय स्पर्धा सीनियर और जूनियर बालक व बालिका वर्ग में होगी। जिम्नास्टिक एसोसिएशन के सचिव ओपी शर्मा ने बताया शहर से पांच खिलाड़ी और दो ऑफिशियल्स इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

सीनियर वर्ग में विशाल दायमा उज्जैन का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंडर-17 वर्ग में प्रतीक साहू, अथर्व डोडिया, अनुराग डांगी और चित्रांशी लछेटा चयनित हुए हैं। टीम के साथ कोच नरेंद्र श्रीवास्तव और जीएफआई द्वारा निर्वाचित जज आरएल वर्मा भी भुवनेश्वर जाएंगे। खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर चयन और प्रस्थान पर खेल प्रेमियों व पदाधिकारियों ने खुशी जताई। एसोसिएशन अध्यक्ष सावन बजाज, संरक्षक नारायण यादव और कलावती यादव, कालिदास कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य वंदना गुप्ता सहित डॉ. महेंद्र जैन, एमजी सुपेकर, मनोहर शर्मा, नवीन आर्य, केके खंडेलवाल, संजय जौहरी, सुनील जाधव, दिलीप सिंह चौहान, राजकुमार सोलंकी आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### सिंहस्थ क्षेत्र में अवैध निर्माण पर निगम की कार्रवाई

# चार मकान तोड़े, तीन को खाली करने के लिए दो दिन का समय

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में आगामी सिंहस्थ 2028 को देखते हुए नगर निगम ने प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध निर्माण पर कार्रवाई की। मंगलवार को निगम ने चार निमार्णाधीन मकानों को तोड़ दिया, जबकि तीन मकान मालिकों को दो दिन में निर्माण हटाने का समय दिया गया है।

नगर निगम के जोन क्रमांक-1 के सिंहस्थ क्षेत्र में उन्हेल नाके के पास कई लोगों ने बिना अनुमति निर्माण कर लिया था। कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य जारी भी था, जिस पर निगम ने कार्रवाई की।



### जेसीबी से तोड़े गए निर्माण

नगर निगम की रिमूवल गैंग ने पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण ध्वस्त किए। जिन मकानों में अभी छत नहीं डली थी, ऐसे चार निर्माण गिराए गए।


**20 अवैध निर्माण किए गए चिन्हित-** नगर निगम उपायुक्त संतोष टैगोर के अनुसार सिंहस्थ क्षेत्र में कुल 20 अवैध निर्माण चिन्हित किए गए हैं। इनमें से चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जा रही है।

### तीन मकान मालिकों को मिला समय

तीन मकानों में रहने वाले लोगों ने घर खाली करने के लिए समय मांगा। इस पर निगम ने उन्हें दो दिन का समय दिया है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि सिंहस्थ मेले के लिए क्षेत्र खाली रखना जरूरी है। सभी लोगों से अपील की गई है कि कोई भी अवैध निर्माण न करें।

उज्जैन
बुधवार
22
अप्रैल, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### लोकायुक्त की कार्रवाई, गिरफ्तार आरोपियों में कार्यपालन यंत्री और एसडीओ शामिल

**इंदौर।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में 4.73 करोड़ रुपए के सड़क निर्माण के अंतिम बिल पास कराने के बदले 2.5 लाख रुपए की रिश्वत लेते दो अधिकारियों को लोकायुक्त ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। तीसरा आरोपी कार्रवाई से बच निकला। कार्रवाई धार के ठेकेदार राजपाल सिंह पंवार की शिकायत पर की गई। ठेकेदार की फर्म ने 2023 में मैथवाड़ा-फोरलेन सड़क का काम पूरा किया था। आरोप है कि बिल पास करने के लिए कार्यपालन यंत्री जयदेव गौतम ने 1.50 लाख रुपए, जबकि एसडीओ टीके जैन और उपयंत्री अंशु दुबे ने एक-एक लाख रुपए की मांग की थी। जांच में शिकायत सही मिलने पर लोकायुक्त ने ट्रैप बिछाया। गौतम को उसके घर से 1.50 लाख रुपए लेते पकड़ा गया, जबकि जैन को ऑफिस परिसर में एक लाख रुपए लेते गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से कुल 2.5 लाख रुपए बरामद हुए। तीसरे आरोपी अंशु दुबे को तय रकम कम होने के कारण मौके पर पैसे नहीं दिए गए, जिससे वह पकड़ में नहीं आ सका। 4 महीने में कुल 15 घूसखोर पकड़े इस साल के शुरुआती चार महीनों में ही लोकायुक्त ने 15 घूसखोरों को रंगेहाथ रिश्वत लेते पकड़ा है। सबसे ज्यादा तीन-तीन ट्रैप खरगोन, झाबुआ में किए गए हैं। इंदौर जिले में भी तीन ट्रैप किए जा चुके।

### बिना डॉक्टर संचालित अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीन सील

**इंदौर।** बिना डॉक्टर के संचालित की जा रही एक अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन को प्रशासन ने सील कर दिया है। संबंधित मशीन सर्वहारा नगर स्थित पीसी डायग्नोस्टिक सॉल्यूशन केंद्र की थी। सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हसानी ने बताया कि एक टीम गठित कर सेंटर का निरीक्षण कराया गया। जांच के दौरान पाया कि क्लिनिक में केवल एक डॉ. रिंकू मीणा (एमडी रेडियोलॉजिस्ट) रजिस्टर्ड है। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि डॉ. रिंकू मीणा कांट्रैक्ट बेस पर है और वर्तमान में एमवाय अस्पताल में कार्यरत हैं। उन्हें डीन की अनुमति के बिना निजी केंद्रों पर कार्य करने को लेकर नोटिस जारी किया है। अधिकारियों के अनुसार, संबंधित डॉक्टर द्वारा केंद्र पर कार्य नहीं किए जाने की स्थिति में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत बिना अधिकृत डॉक्टर के अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन का संचालन संभव नहीं है। नियमों के उल्लंघन को देखते हुए केंद्र की सोनोग्राफी मशीन सील कर दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के मामलों में नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा, ताकि चिकित्सा सेवाओं में पारदर्शिता और कानूनी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित हो सके।

### भोजशाला विवाद मामले में सुनवाई और बहस

**इंदौर।** चर्चित भोजशाला विवाद मामले में मंगलवार की सुनवाई के दौरान रेस ज्यूडिकेटा और याचिकाओं की मेंटेनबिलिटी के मुद्दों पर विस्तृत बहस हुई। सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट सलमान खुर्शीद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए और तर्क रखे। एडवोकेट नूर अहमद शेख बताया कि मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी की ओर से की ओर से एडवोकेट खुर्शीद ने दलीलें पेश कीं। बहस के दौरान जवाब और सिनॉप्सिस के साथ विभिन्न न्यायिक निर्णयों का हवाला दिया गया। एडवोकेट सलमान खुर्शीद ने मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर तर्क रखे। याचिका की मेंटेनबिलिटीः यह मुद्दा उठाया गया कि इस प्रकार के विषयों का निर्णय रिट क्षेत्राधिकार में नहीं किया जा सकता। रेस ज्यूडिकेटा का सिद्धांतः दलील दी गई कि समान राहत की मांग वाली कई याचिकाएं पहले ही निर्णयित हो चुकी हैं, जिनमें 7 अप्रैल 2003 के आदेश को चुनौती दी गई थी।

---

#### इंदौर सहित कई शहरों में गौरव के खिलाफ दर्ज हैं केस, रिटायर्ड एसीपी को भी धमका चुका

# 5 पुलिसकर्मियों की शिकायत करने वाला व्यापारी निकला अपराधी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

लसूड़िया में 5 पुलिसकर्मियों की शिकायत करने वाला व्यापारी गौरव जैन खुद एक आदतन अपराधी है। गौरव के खिलाफ ग्वालियर में 2, झाबुआ और शाजापुर में एक-एक गिरफ्तारी वारंट निकल चुके हैं। वहीं मारपीट और चेक बाउंस के मामले भी दर्ज हैं।

लसूड़िया में एसआई संजय विश्नोई, हेड कांस्टेबल रणवीर कुशवाह, प्रणीत भदौरिया, दिनेश गुर्जर और दीपेन्द्र मिश्रा के खिलाफ गौरव जैन ने पुलिस कमिश्नर को शिकायत सौंपी थी। जिसके बाद पांचों को सस्पेंड कर दिया गया था। अब मामले में अलग कहानी निकलकर सामने आ गई है। जिस व्यापारी गौरव जैन ने इनकी शिकायत की वह खुद अपराधी निकला है।



### अब जानिए क्या है विवाद

गौरव जैन ने 16 अप्रैल को पुलिस कमिश्नर और डीसीपी को शिकायत की थी कि एसआई सहित पांच पुलिसकर्मी वारंट तामिली मामले में उनके यहां जबरन घुसे। कैमरे में तोड़फोड़ की और फ्लैट का ताला तोड़ दिया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर ग्वालियर लेकर गए। यहां राकेश शर्मा नाम के पुलिसकर्मी ने उससे 27 हजार रुपए ले लिए। इस मामले में राकेश शर्मा को छोड़कर बाकी पुलिसकर्मियों को डीसीपी ने थाने से हटा दिया था। गौरव ने सोना ले जाने की बात भी कही थी।

### गाड़ी किराए के लिए रुपए

पुलिसकर्मी राकेश शर्मा का बेटा किराए की कार चलाता है। बताया जाता है कि उसने गौरव जैन से बस या ट्रेन से जाने की बात की थी। तब गौरव ने निजी कार से चलने का आग्रह किया। इस पर राकेश ने कार बुलवाई और एवज में किराया भाड़ा और रुकने का खर्च लिया था। हालांकि गौरव उसे रिश्वत से जोड़ रहा है।

गौरव का एक केस निकलकर सामने आया है। दरअसल कुछ दिन पहले रिटायर्ड एसीपी राकेश गुप्ता ने अपने मोबाइल की जानकारी देते हुए गौरव द्वारा करीब 100 से ज्यादा बार कॉल करने की शिकायत की थी। मानसिक प्रताड़ित करने की बात कही थी। एफआईआर भी हुई थी। मामले में राकेश गुप्ता ने कुछ आडियो रिकार्डिंग भी पुलिस को सौंपी थी। जिसमे गौरव उन्हें खुलेआम धमका रहा था।

गौरव के बारे में जानकारी लगी है कि उनकी पत्नी ने महिला संबंधी गंभीर अपराध जज के पति विवेक के खिलाफ दर्ज कराया था। गौरव जिस फ्लेट में पत्नी-बेटे के साथ रहता है। उसे किराए पर लिया था। जिसका एग्रीमेंट भी बनवाया था। जिसमें 2020 में खाली नहीं करने को लेकर विवेक के खिलाफ गंभीर शिकायत की गई। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। उक्त मामले में समझौते के लिए विवेक से गौरव फ्लेट की डिमांड कर रहा है। विवेक एक एफआईआर गौरव पर करा चुके हैं, जिसमें अपशब्द और धमकी के आरोप लगे हैं।

---

# पीडब्ल्यू के 3 अफसर रिश्वत लेते पकड़ाए

## लोकायुक्त ने ऑफिस-निवास से बरामद किए रुपए, बिल के बदले मांगे थे 3.50 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

लोक निर्माण विभाग के तीन अधिकारी मंगलवार को रिश्वत लेते हुए पकड़ाए हैं। पकड़े गए अधिकारियों के नाम जयदेव गौतम (कार्यपालन यंत्री, संभाग-1, इंदौर), टीके जैन (अनुविभागीय अधिकारी, पीडब्ल्यूडी संभाग-1) और अंशु दुबे (उपयंत्री, संभाग-1, इंदौर) हैं।

लोकायुक्त टीम ने आरोपी जयदेव गौतम को उनके शासकीय निवास से 1.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। जबकि टीके जैन को कार्यालय परिसर के पोर्च के नीचे से 1 लाख रुपए लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी अंशु दुबे ने भी 1 लाख रुपए की मांग की थी, लेकिन कम राशि उपलब्ध होने के कारण उसने रकम नहीं ली। इस प्रकार कुल 2.50 लाख रुपए की राशि जब्त की गई है।



**4.51 करोड़ रुपए में पूरा किया था काम-** पटेल इंटरप्राइजेस संचालक राजपाल सिंह पंवार एक शासकीय ठेकेदार हैं। वे धार के निवासी हैं और वर्ष 2023 में उनकी फर्म ने मैथवाड़ा फोरलेन पहुंच मार्ग का कार्य 4.73 करोड़ रुपए में लिया था, जिसे 4.51 करोड़ रुपए में पूरा किया गया। अंतिम बिल भुगतान के बदले अधिकारियों ने 3.50 लाख रुपए की रिश्वत मांगने की शिकायत लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में की थी। सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने के बाद एसपी राजेश सहाय ने इसके लिए एक ट्रैप टीम गठित की जिसने मंगलवार को कार्रवाई की गई।

**भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज-** आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 7 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 61(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई जारी है। ट्रैप टीम में टीआई आशुतोष मिठास, प्रतिभा तोमर और विवेक मिश्रा सहित अन्य सदस्य शामिल थे। यह कार्रवाई लोकायुक्त के महानिदेशक योगेश देशमुख और उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर की गई।

---

#### भाजपा की हाईटेक कार्यशाला

# डेली कॉलेज में जुटेंगे 7 राज्यों के दिग्गज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर एक बार फिर बड़े सियासी जमावड़े का केंद्र बनने जा रही है। भाजपा के 'दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान' के तहत बुधवार, 22 अप्रैल से डेली कॉलेज में क्षेत्रीय कार्यशाला का आगाज होगा।

इस खास प्रशिक्षण वर्ग में मध्य प्रदेश समेत छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, दादर एवं नगर हवेली, नवी मुंबई और अंडमान निकोबार के लगभग 3 से 4 हजार चयनित वक्ता शामिल होंगे, जिन्हें जिला स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए तैयार किया जाएगा। कार्यशाला स्थल पर मोबाइल और निजी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। मंगलवार सुबह से ही इंदौर में मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के अनुसार नर्मदा एक्सप्रेस और वंदे भारत जैसी ट्रेनों के अलावा हवाई मार्ग से भी बड़ी संख्या में नेता इंदौर पहुंच रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर तीन और एयरपोर्ट पर एक स्वागत काउंटर बनाया गया है, जहां आने वाले अतिथियों को एक विशेष किट दी जा रही है जिसमें दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री शामिल है।

---

#### इंदौर में सिरफिरे ने कार में दंपति को बनाया बंधक

# अंगूठी, घड़ी, मोबाइल और रुपए छीने, लोगों ने पुलिस को सौंपा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एयरपोर्ट रोड पर मंगलवार शाम एक सिरफिरे युवक ने टैक्सी में बैठे दंपति को बंधक बनाकर करीब आधे घंटे तक मारपीट की और पेचकस से हमला किया। दंपति ने साहस दिखाते हुए आरोपी का सामना किया। इसी दौरान कार एक पोल से टकराकर रुक गई, जिसके बाद मौके पर जुटी भीड़ ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के मुताबिक 66 वर्षीय अनिल शुक्ला बैंक से रिटायर्ड हैं। वे अपनी पत्नी रेखा शुक्ला के साथ दिल्ली में भतीजी की शादी में शामिल होकर मंगलवार शाम फ्लाइट से इंदौर लौटे थे।





एयरपोर्ट पर ऑनलाइन टैक्सी बुक की, लेकिन बुकिंग कैंसल हो गई। इसके बाद वे एयरपोर्ट टैक्सी स्टैंड से महालक्ष्मी नगर जाने के लिए एक कार में बैठ गए। सुपर कॉरिडोर के पास रेड सिग्नल पर अमन पाल (निवासी मरीमाता क्षेत्र) ने कार रुकवाई और ड्राइवर से लिफ्ट मांगी। ड्राइवर के मना करने पर आरोपी ने पेचकस से हमला कर उसे कार से बाहर निकाल दिया और खुद ड्राइविंग सीट पर बैठकर गाड़ी गांधी नगर की ओर मोड़ दी।

**दंपति को बनाया बंधक, चलती कार में मारपीट-** पितृ पर्वत क्षेत्र के पास आरोपी ने दंपति के साथ मारपीट की। इस दौरान अनिल शुक्ला ने अपनी बेटी को फोन कर अपहरण की जानकारी दी, लेकिन आरोपी ने मोबाइल छीन लिया और उनके साथ मारपीट जारी रखी। अनिल ने पैसे और चेन देकर खुद को छोड़ने की बात कही, लेकिन आरोपी नहीं माना और दोनों को धमकाता रहा।

**पोल से टकराई कार, भीड़ ने आरोपी को दबोचा-** दंपति आरोपी से लगातार जूझते रहे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर एक पोल से टकरा गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। दंपति ने मदद के लिए पुकारा, जिसके बाद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

**घायल दंपति का इलाज जारी-** घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल दंपति को अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक उपचार के बाद परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां अनिल शुक्ला का इलाज जारी है। पुलिस ने आरोपी अमन पाल को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। टीआई ने की लापरवाही जानकारी के मुताबिक इतने बड़े मामले मे गांधीनगर टीआई अनिल यादव की लापरवाही सामने आई है। बताया जाता है कि घटना की शुरुआत गांधीनगर इलाके से हुई थी। हातोद और गांधीनगर सीमा क्षेत्र के पास गाड़ी का एक्सीडेंट हुआ।

## खबर एक नजर...

### भेरूगढ़ में गरीबों के आशियानों पर चला बुलडोजर, पार्षदों के हस्तक्षेप से रुकी कार्रवाई

**उज्जैन।** शहर के भेरूगढ़ थाने के पीछे वार्ड क्रमांक एक में गरीब परिवारों के खून-पसीने की मेहनत से बनाए गए घरों को उजाड़ने की कार्रवाई की गई। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में चले इस बुलडोजर से कई लोगों के आशियाने उजड़ गए। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही पार्षद निकिता परमानंद मालवीय और पार्षद श्रीमती सपना सांखला तुरंत मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बेघर हो रहे लोगों के पक्ष में मोर्चा संभाला और हो रही इस तोड़फोड़ को रोकने के लिए अधिकारियों से संपर्क किया। पार्षदों ने मौके से ही नगर निगम कमिश्नर अभिलाष मिश्रा, डिप्टी कमिश्नर संतोष टैगोर, भवन अधिकारी राजकुमार राठौर और तहसीलदार शेफाली जैन से बातचीत की। अधिकारियों के साथ हुई इस विस्तृत चर्चा और जनप्रतिनिधियों के कड़े रुख के बाद आखिरकार घरों को तोड़ने की कार्रवाई रोक दी गई।

### गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं में संस्कार सिंचन के लिए शासन से मांगा सहयोग

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके निवास पर गायत्री परिवार के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान परिजनों ने गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ मुख्यमंत्री को शाल एवं विचारपरक साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात का मुख्य उद्देश्य 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' अभियान के अंतर्गत गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं के संस्कार निर्माण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अस्पतालों का सहयोग सुनिश्चित करना था। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इस अभियान के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। इस प्रतिनिधिमंडल में अभियान की उप जोन जिला समन्वयक उर्मिला प्रहलाद सिंह तोमर, उप जोन समन्वयक प्रभाकर सोनोने सहित अन्य गायत्री परिजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रतिनिधिमंडल के सुझावों को गंभीरता से सुना और इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### न्यूनतम वेतन 25 हजार और आउटसोर्स प्रथा समाप्त करने की मांग

# टॉवर चौक से वाहन रैली निकालकर सौंपा 17 सूत्रीय ज्ञापन, मांगें नहीं मानी तो भोपाल-दिल्ली में होगा उग्र आंदोलन






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में मंगलवार को आउटसोर्स एवं ठेका कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शहर में विशाल प्रदर्शन किया। दोपहर 1 बजे टॉवर चौक पर एकत्रित होकर कर्मचारियों ने बाइक, ऑटो एवं ई-रिक्शा रैली निकाली। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में जिले के विभिन्न शासकीय व निजी विभागों तथा उद्योगों के हजारों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से आउटसोर्स प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों का वेतन सीधे बैंक खातों में जमा करने, जिले के सभी उद्योगों व विभागों में न्यूनतम वेतन 25 हजार रुपए मासिक करने, उद्योगों में 75 प्रतिशत रोजगार स्थानीय कुशल युवाओं को देने तथा केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन को मध्यप्रदेश में लागू करने की मांग की गई। इसके साथ ही 8 घंटे से अधिक कार्य पर डबल ओवरटाइम देने, हर माह की 7 तारीख तक वेतन का भुगतान करने, ईएसआई व पीएफ की अनिवार्यता और श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कर श्रमिकों का शोषण रोकने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत ने बताया कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए यह आंदोलन प्रदेशभर में एक साथ किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो आगामी समय में आंदोलन को व्यापक रूप देते हुए भोपाल एवं दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी मयंक तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत, बाह्यस्त्रोत कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री राहुल मालवीय, जिला सह कार्यालय मंत्री विजय बैरागी, बाह्यस्त्रोत कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पंकज डूंगरिया, वेयरहाउस संघ की महामंत्री बरखा कटारिया, नागदा मंत्री करण सिंह, महेश नायर, प्रवेश तिवारी, राजकुमार सिसोदिया, अर्जुन बागड़ी, बालमुकुंद धौलपुरे और मोहब्बत सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दवा निर्माण में एआई से आ रही तेजी, 'जीन से दवा तक' की प्रक्रिया को छात्रों ने समझा

### आयरलैंड की वैज्ञानिक डॉ. मीनल लोढ़ा ने दिए टिप्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज के मार्गदर्शन में उद्योग-उन्मुख शिक्षा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी तथा एमएसएमई इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर, रैम्प एवं एलयूएन की पहल द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयरलैंड की फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री में कार्यरत सेल कल्चर साइंटिस्ट डॉ. मीनल लोढ़ा उपस्थित थीं। उन्होंने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को बताया कि एक दवा का निर्माण एक छोटे वैज्ञानिक विचार से शुरू होकर डिस्कवरी, प्रीक्लिनिकल परीक्षण, क्लिनिकल ट्रायल, नियामक स्वीकृति और बड़े पैमाने पर निर्माण जैसे विभिन्न चरणों से गुजरते हुए मरीजों तक पहुंचता है।

डॉ. लोढ़ा ने ह्यजीन से दवा तकह्न की प्रक्रिया को समझाते हुए रिकॉम्बिनेंट डीएनए टेक्नोलॉजी, सेल कल्चर और बायोरिएक्टर जैसी आधुनिक तकनीकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस और गुड डॉक्यूमेंटेशन प्रैक्टिस के महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यशाला के दौरान फार्मा लैब के नियम, स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर, पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट तथा कंटैमिनेशन कंट्रोल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि दवा खोज प्रक्रिया को तेज और अधिक सटीक बनाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# श्री महाराष्ट्र समाज उज्जयिनी में वैदिक पद्धति से हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

### प्रदेश भर से पहुंचे समाजजन, चल समारोह निकला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री महाराष्ट्र समाज उज्जयिनी द्वारा वैशाख शुक्ल पंचमी एवं श्री आद्य शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार 21 अप्रैल को तिलक स्मृति मंदिर, 49 क्षीरसागर स्थित समाज भवन धर्मशाला में निःशुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुरोहित पंडित विश्वास करहाड़कर एवं पंडित दिलीप कोरान्ने के आचार्यत्व में वैदिक पद्धति से बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न हुआ। इस समारोह में शामिल होने के लिए उज्जैन सहित भोपाल, ग्वालियर, रीवा और इंदौर से भी बड़ी संख्या में समाजजन पहुंचे थे।

समाज के सचिव सुशील मुले ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक कपिल यार्दे उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति में यज्ञोपवीत धारण करने वाले बटुकों और उनके माता-पिता का समाज की ओर से स्मृति चिह्न एवं दुपट्टा भेंट कर सम्मान व स्वागत किया गया। संस्कार के पश्चात बटुकों का चल समारोह निकाला गया तथा अंत में सामाजिक प्रतिभोज का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और इसके सफल संचालन में समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, उपाध्यक्ष सदाशिव नायगांवकर, कोषाध्यक्ष रवीन्द्र मुले, सह-सचिव मिलिंद पन्हालकर एवं यशवंत तिलगुलकर, वनिता मंडल अध्यक्ष सौ. अरुणा जोगलेकर सहित सदस्य प्रदीप जोग, दिलीप जोशी, वसंत आपटे, सौ. सुचित्रा केतकर, संजय दिवटे चंद्रकांत फताले, आलोक मोघे और सुनील गर्गे का विशेष सहयोग रहा।

# अक्षय तृतीया पर क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज का सामूहिक विवाह संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज द्वारा भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मांगलिक आयोजन में समाज के 10 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक-दूसरे का हाथ थामकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। समाज के वरिष्ठ जनों और उपस्थित जनसमूह ने नवयुगलों को सुखद भविष्य का आशीर्वाद दिया।

आदर्श सामूहिक विवाह समिति के सचिव मनोहर गेहलोत ने बताया कि मुख्य समारोह से पूर्व शहर में एक भव्य चल समारोह एवं गंगाजल कलश यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ निकली इस यात्रा में समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे माहौल उत्सवमय हो गया। दोपहर 12 बजे से विवाह की मुख्य रस्में शुरू हुईं। विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराया गया। आयोजन के सफल संचालन में संयोजक हिम्मत बागड़ी, विवाह समिति अध्यक्ष विष्णुकुमार सांखला और समाज अध्यक्ष मोती भाटी की अहम भूमिका रही। दिनभर चले इस गरिमामय कार्यक्रम के पश्चात शाम 4 बजे नवदंपत्तियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान परिजनों की आँखें नम थीं, वहीं समाज ने नई परंपराओं को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ जोड़ों को विदा किया। इस आयोजन को सफल बनाने में मंगल कछावा, मनोहर गेहलोत, पुखराज भाटी, नवीन मारोठिया, देवेंद्र बागड़ी, अभिषेक देवड़ा, मुकेश गेहलोत, सत्यनारायण कछावा, पंकज जादम, कैलाश गेहलोत, मोहनलाल गेहलोत, प्रवीण गेहलोत और किशोर कुमार भाटी सहित अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भाटी ने बताया कि सामूहिक विवाह के माध्यम से समाज ने फिजूलखर्ची रोकने और एकता का संदेश दिया है।

## खबर एक नजर...

### दसनाम गोस्वामी समाज ने मनाई आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य जयंती

**उज्जैन।** दसनाम गृहस्थ गोस्वामी समाज द्वारा आद्य जगद्गुरु श्री शंकराचार्य जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर परिसर में स्थित श्री शंकराचार्य जी की प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर समाजजनों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रसाद का वितरण भी किया गया।

शंकराचार्य जयंती कार्यक्रम में मध्य प्रदेश गोस्वामी समाज के अध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रवक्ता महंत राजेंद्र भारती के साथ उज्जैन दसनाम गोस्वामी समाज के अध्यक्ष महंत विजय गिरि सहित अन्य सभी वरिष्ठ एवं युवा समाजजन उपस्थित रहे।

आयोजन के पश्चात समाजजनों द्वारा वर्षों से समाज को अंतिम संस्कार के लिए डोल की सेवा दे रहे वरिष्ठ समाजसेवी महंत मंगलपुरी का सम्मान किया गया और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। उक्त जानकारी गोस्वामी युवा संगठन के अध्यक्ष महंत महेश गिरि द्वारा दी गई।

### बड़नगर में मेवाड़ा माली समाज का 16वां सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास से संपन्न

**बड़नगर।** मेवाड़ा माली समाज, बड़नगर के तत्वावधान में 21 अप्रैल मंगलवार को समाज का 16वां सामूहिक विवाह सम्मेलन शंकर बावड़ी परिसर में पूरी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में समाज के 6 जोड़ों ने सादगी और अटूट एकता के संकल्प के साथ अपने दांपत्य जीवन का शुभारंभ किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संजय जलिया (प्रदेश अध्यक्ष, संयुक्त माली समाज राष्ट्रीय फूले ब्रिगेड) एवं विशेष अतिथि के रूप में बड़नगर विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या उपस्थित रहे।

समाज अध्यक्ष नारायण खटया एवं कोषाध्यक्ष जगदीश धुसरिया ने समाज को कड़ा और स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि समाज का वास्तविक उत्थान केवल बड़े आयोजनों से नहीं, बल्कि वैचारिक क्रांति और सामूहिक शक्ति से संभव है। यह 16वां सामूहिक विवाह सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि हमारा समाज अब दिखावे की राजनीति और फिजूलखर्ची से ऊपर उठकर, एकता के सूत्र में बंधकर आगे बढ़ रहा है। हम आने वाली पीढ़ी के लिए एक ऐसा मजबूत समाज छोड़कर जाएंगे, जो शिक्षित भी होगा और संगठित भी। शिवसेना नगर अध्यक्ष एवं सम्मेलन के मीडिया प्रभारी संतोष बगेरवाल ने कहा कि ₹मेवाड़ा माली समाज का यह गौरवशाली संकल्प अटूट है। सामूहिक मंच से विवाह करना किसी मजबूरी का नहीं, बल्कि हमारी प्रगतिशील सोच और स्वाभिमान का प्रतीक है। समाज की इस सेवा यात्रा में हर कदम पर हम साथ खड़े हैं। समाज के वरिष्ठ जनों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। ?सम्मेलन की सफलता में जगनाथ खटया, रवि हिंडोलिया, लोकेन्द्र धरावनिया, किशोर असा बाबूलाल टॉक, परामर्श एवं मार्गदर्शक गोविन्द रीछा, मोतीलाल असावरा, सागरमल बगेरवाल, भागीरथ दुनिया ने सेवाएं दी। सम्मेलन के अंत में सभी दानदाताओं, युवाओं और समाजजनों का आभार व्यक्त किया गया।

# निजातपुरा में फूटी पाइप लाइन, घरों में पहुंचा नल से गंदा पानी

### क्षेत्र में जल संकट पैदा हुआ, लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मंगलवार को निजातपुरा क्षेत्र में पेयजल पाइपलाइन फूटने से हालात बिगड़ गए। पीएचई की जल सप्लाई के दौरान कई घरों में नलों से नाली का गंदा और मटमैला पानी पहुंचा, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पाइपलाइन डैमेज होने के कारण पूरे क्षेत्र में जल संकट की स्थिति बन गई। कई घरों में पानी की सप्लाई नहीं हो पाई, जबकि जहां पानी आया वह उपयोग योग्य नहीं था। ऐसे में लोगों को अपने दैनिक उपयोग के लिए पानी जुटाने हेतु इधर-उधर भटकना पड़ा।

क्षेत्रीय लोगों के अनुसार, पिछले लंबे समय से क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, लेकिन कार्य की गति बेहद धीमी है और ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। खुदाई के दौरान पहले भी कई बार पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे बार-बार जल संकट की स्थिति बनती रही है। क्षेत्र में अन्य समस्याएं भी बनी हुई हैं। सड़कों पर खुदाई के कारण मार्ग अस्त-व्यस्त हैं और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। इससे कीचड़, दुर्गंध और मच्छरों की समस्या बढ़ गई है, जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो गया है।

मंगलवार को पाइपलाइन फूटने के बाद सड़कों पर पानी भर गया और खुदे हुए गड्ढे भी पानी से लबालब भर गए। रास्तों पर पानी और कीचड़ जमा होने से आवागमन भी बाधित हुआ और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### श्री महेश विरोलिया म. प्र. अजाक्स के प्रांतीय महासचिव नियुक्त

**उज्जैन।** म.प्र. अजा. अजजा. अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के संरक्षक जे. एन.कांसोटिया की सहमति से अजाक्स कार्यकारी प्रांताध्यक्ष श्री एस.एल. सूर्यवंशी की अनुशंसा से अजाक्स प्रांताध्यक्ष माननीय श्री संतोष वर्मा आय. ए. एस. भोपाल ने उज्जैन अजाक्स के प्रांतीय सचिव,कर्मठ समाजसेवी श्री महेश विरोलिया को संगठन के प्रांतीय महासचिव नियुक्त किया हे।

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस और डॉ. इकबाल की स्मृति में युवाओं ने किया रक्तदान**

# सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी ने रक्तदाताओं को गुरु गोविंद सिंह अवार्ड से किया सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस और 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा' के रचयिता डॉ. इकबाल की स्मृति में जिला ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित इस शिविर में शहर के युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया।

सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया है। इस अवसर पर समाजसेवी इकबाल उस्मानी ने रक्तदान को सबसे बड़ा पुण्य का कार्य बताते हुए युवाओं से अपील की कि वे वर्ष में एक बार जरूर रक्तदान करें। उन्होंने बताया कि एक युवा साल में चार बार रक्तदान कर सकता है और अनेक जीवन बचाने में अपना योगदान दे सकता है। युवाओं का यह रक्तदान जरूरतमंदों के लिए अमृत साबित होगा। शिविर के संयोजक नासिर मंसूरी हसन और सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया कि रक्तदान करने वाले युवाओं को गुरु गोविंद सिंह जी अवार्ड से सम्मानित किया गया। आयोजन में बतौर अतिथि मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन, डॉ. संगीता गुप्ता, शाकिर शेख, सादिक मंसूरी, शरीफ खान, डॉ. शकील अंसारी, सैयद रिजवान, रईसुल हसन जागीरदार, खुशी भाटी, एडवोकेट जाहिद नूर, अनुदीप गंगवार, यूनुस शेख और सुनील साहू सहित शहर के कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

### 01 किलो 114 ग्राम गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बड़नगर।** पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ परिवहन पर कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान अंतर्गत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी महेन्द्र सिंह परमार के मार्गदर्शन मे थाना बडनगर के थाना प्रभारी निरी. अशोक कुमार पाटीदार व टीम के द्वारा गांजा बेचने वाले को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से लगभग 01 किलो 114 ग्राम गांजाकीमती 32000/- रुपए जप्त किया। आरोपी को न्यायालय मे पेश कर पुलिस रिमाण्ड लिया जाकर अवैध मादक पदार्थ गांजे के संबंध मे पुछताछ कि जावेगी । थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि 20 अप्रैल सोमवार को मुखबीर ने ग्राम भोमलवास के पास हाथ मे सफेद रंग की थैली लिए खड़ा है जिसके पास मादक पदार्थ गांजा हो सकता है जो कही जाने के लिये खड़ा है।

# 8 साल बाद बंद हुआ सदगुरु कबीर साहेब गुरुकुल विद्यालय, बच्चों को बांटी गई अंकसूची और टीसी

### मई 2018 में हुई थी शुरूआत, पेंड्री राजनांदगांव में किया जा रहा था नि:शुल्क संचालन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ द्वारा पेंड्री राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में संचालित नि:शुल्क सदगुरु कबीर साहेब गुरुकुल विद्यालय को किन्हीं कारणों से बंद किया जा रहा है। मई 2018 में शिक्षा सत्र 2018-19 के साथ इस विद्यालय की शुरूआत हुई थी। वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 पूरा होने के बाद मई 2026 में स्कूल का संचालन बंद कर दिया गया है।

#### संस्थापक ने वितरित किए प्रमाण पत्र

विद्यालय बंद होने के निर्णय के बाद संस्था के संस्थापक व प्राचार्य चूरामन महंत चूड़ामणि साहेब द्वारा स्कूल के सभी बच्चों को परीक्षा परिणाम के साथ शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र यानी टीसी और अंकसूची का वितरण किया गया।

#### एक साल से महासंघ कर रहा था संचालन

ज्ञात हो कि यह सदगुरु कबीर साहेब गुरुकुल विद्यालय पूर्व में सदगुरु कबीर साहेब सत्यबोध जनकल्याण संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा था। पिछले एक वर्ष से इसका संचालन अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ द्वारा किया जा रहा था, लेकिन अब इस नि:शुल्क विद्यालय को बंद करना पड़ रहा है।

# नेशनल जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में हिस्सा लेने टीम आज भुवनेश्वर होगी रवाना

### 28 अप्रैल से शुरू होगी स्पर्धा, शहर के 5 खिलाड़ी और 2 ऑफिशियल्स करेंगे शिरकत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




भुवनेश्वर में 28 अप्रैल से 4 मई 2026 तक आयोजित होने वाली नेशनल जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उज्जैन की टीम 22 अप्रैल को रवाना होगी। यह राष्ट्रीय स्पर्धा सीनियर और जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित की जा रही है। इसकी जानकारी जिम्नास्टिक एसोसिएशन के सचिव ओपी शर्मा द्वारा दी गई।

ये खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में उज्जैन के विशाल दायमा भाग लेंगे। वहीं अंडर 17 वर्ग में प्रतीक साहू, अथर्व डोडिया, अनुराग डांगी और चित्रांशी लछेटा शहर का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अहम स्पर्धा में टीम के साथ कोच नरेंद्र श्रीवास्तव और जीएफआई द्वारा निर्वाचित जज आरएल वर्मा भी भुवनेश्वर जाएंगे।

खिलाड़ियों को दी गई शुभकामनाएं

शहर के खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर चयन और प्रस्थान के अवसर पर खेल प्रेमियों और पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। जिम्नास्टिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सावन बजाज, संरक्षक नारायण यादव, संरक्षक कलावती यादव, शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य वंदना गुप्ता, डॉ. महेंद्र जैन, एमजी सुपेकर, मनोहर शर्मा, ओपी शर्मा, नवीन आर्य, केके खंडेलवाल, संजय जोहरी, सुनील जाधव, दिलीप सिंह चौहान, राजकुमार सोलंकी, अविनाश श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह राजपूत, सुनील कुशवाहा, राकेश खींची, मुकेश जाधव, जयंत गिरी और विजय झाला ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन में गैस एजेंसी संचालक और उपभोक्ता के बीच मारपीट

उज्जैन। उज्जैन में अभी भी एलपीजी की किल्लत बनी हुई है। इससे परेशान उपभोक्ताओं का मंगलवार को गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान गैस एजेंसी के संचालक और उपभोक्ता के बीच मारपीट हो गई। हालात इतने बिगड़े कि नई सड़क स्थित बिजली घर के पास उपभोक्ताओं ने चक्काजाम कर दिया। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया और फिर पुलिस की निगरानी में गैस सिलेंडर का वितरण हुआ। शहर में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। इससे आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बहादुरगंज स्थित शिप्रा गैस एजेंसी पर एक उपभोक्ता और एजेंसी के संचालक के बीच मारपीट हो गई। इसके बाद लोगों ने अपने-अपने गैस सिलेंडर सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

### लेंसकार्ट शोरूम पर मंगलवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन

उज्जैन के फ्रीगंज स्थित लेंसकार्ट शोरूम पर मंगलवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सोशल मीडिया पर लेंसकार्ट कंपनी के एक कथित आदेश के विरोध में किया गया, जिसमें धार्मिक प्रतीकों पर प्रतिबंध की बात कही गई थी। लेंसकार्ट कंपनी के इस कथित आदेश को लेकर देशभर में विवाद बढ़ रहा है। अब इसका असर धार्मिक नगरी उज्जैन में भी देखने को मिला है। कार्यकताओं ने शोरूम के बाहर नारेबाजी की और कर्मचारियों से इस मुद्दे पर चर्चा की। प्रदर्शन के दौरान, कार्यकर्ताओं ने शोरूम के कर्मचारियों को तिलक लगाया और उन्हें भगवा दुपट्टा पहनाया। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि यदि कंपनी तिलक, कलावा या बिंदी जैसे धार्मिक प्रतीकों पर कोई रोक लगाती है, तो इसकी सूचना उन्हें तुरंत दी जाए। हिंदू संगठनों के सदस्यों ने इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक आस्था से जुड़े प्रतीकों पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि कंपनी ने अपने कथित आदेश पर पुनर्विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर व्यापार बंद कराने जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं।

### कांग्रेस ने भगवा दुपट्टा पहन सरकार की सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

महिला आरक्षण बिल को लेकर देश में जारी राजनीति के बीच आज मंदसौर के ऐतिहासिक गांधी चौराहा पर एक अलग ही नजारा देखने को मिला। शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने हाथों में भगवा दुपट्टा पहनकर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने पं. बाबूलाल नागर के सानिध्य में आयोजित सद्बुद्धि यज्ञ में आहुतियां डालकर प्रधानमंत्री और भाजपा सरकार को महिला आरक्षण बिल तत्काल लागू करने की प्रेरणा देने की प्रार्थना ईश्वर से की गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रही है और कांग्रेस को महिला विरोधी बताकर झूठा प्रचार कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने हमेशा महिला सशक्तिकरण का समर्थन किया है और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय से ही महिलाओं को पंचायतों में आरक्षण देकर इसकी नींव रखी गई थी।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह आरक्षण की आड़ में उत्तर और दक्षिण भारत की सीटों का समीकरण बदलने की राजनीति कर रही है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा, कांग्रेस नेता मनजीत सिंह टुटेजा, अजय लोढ़ा, महेश गुप्ता, विश्वनाथ सोनी, रमेश ब्रिजवानी, शिवशंकर सोलंकी, शुभम कुमावत, प्रीतम पंचोली, सुनील बसेर, संजय नाहर, सुनील गुप्ता, सादिक गौरी, आदर्श जोशी, राखी सत्रावाला, सोनाली जैन, अनीता भदौरिया आदि उपस्थित थे।

# विपक्षी दलों ने राजनीति के तराजू में तौला महिलाओं का अधिकार, जनता सिखाएगी सबक - प्रभारी मंत्री

### पत्रकार वार्ता में जिला चिकित्सालय की अव्य वस्थाओं का मुद्दा उठा

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर



जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के रवैये को महिलाओं के अधिकारों का चीरहरण करार देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की आधी आबादी को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर सशक्त बनाना चाहते हैं, लेकिन विपक्षी दलों ने अपनी संकीर्ण राजनीति के चलते इस ऐतिहासिक कदम में अड़ंगा डाल दिया है। प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने केवल एक विधेयक का नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान और अधिकारों का विरोध किया है, जिसे देश की नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी।

पत्रकार वार्ता के दौरान सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में अधिनियम के हर बिंदु को स्पष्ट किया था, इसके बावजूद विपक्ष ने भ्रम और झूठ फैलाकर इसे रोकने का प्रयास किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष का असली चेहरा सामने आ गया है, जो केवल चुनाव के समय समर्थन का ढोंग करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर चुप नहीं बैठेगी और जन-जन तक जाकर विपक्षी दलों की इस असलियत को उजागर करेगी। मध्य प्रदेश में भी इस विषय पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाएगा और नगर निकायों में इसके समर्थन में प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों ने प्रभारी मंत्री के समक्ष जिला चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। पत्रकारों ने अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने सहित व्याप्त विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। प्रभारी मंत्री के आश्वासन पर सवाल भी उठाये। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने भी जिला चिकित्सालय में रेडियॉलिस्ट नियुक्ति हेतु सुझाव दिए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, मीडिया प्रभारी निलेश जैन सहित कई भाजपा पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## हजरत निजामुद्दीन-दादर के मध्य सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

यात्रियों की सुविधा एवं ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा रतलाम मंडल से होकर हजरत निजामुद्दीन से दादर के मध्य गाड़ी संख्या 04002/04001 हजरत निजामुद्दीन दादर हजरत निजामुद्दीन आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वाराजारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 04002 हजरत निजामुद्दीन से 21 अप्रैल से 14 जुलाई 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। यह ट्रेन 23.45 बजे हजरत निजामुद्दीन से चलकर रतलाम (1035/ 10.40, बुधवार) होते हुए बुधवार को 22.40 बजे दादर पहुँचेगी ।

इसी प्रकार, ट्रेन संख?या 04001 दादर से 23 अप्रैल 2026 से 16 जुलाई 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को चलेगी। यह ट्रेन दादर से 0.15 बजे चलकर रतलाम (9.30/ 9.35, गुरुवार) होते हुए गुरुवार को 21.35 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल 13-13 फेरे संचालित किए जाएंगे।

यह ट्रेन फस्ट एसी, सेकंड एसी एवं थर्ड एसी कोच के साथ चलेगी। इस ट्रेन को दोनों दिशाओं में कोसी कलां, मथुरा, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है।

गाड़ी संख्या 04001 के लिए टिकटों की बुकिंग 22 अप्रैल 2026 से सभी यात्री आरक्षण केन्द्रों एवं आई आरसीटीसी बेवसाईट पर शुरू होगी।

ट्रेनों के ठहराव, संरचना और समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया पोर्टल पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं। इसके साथ ही यात्री रेलवन ऐप के माध्यम से भी ट्रेनों की अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## करमदी के पास तालाब से दो युवकों के शव मिलने का मामला गरमाया

'दैनिक अवन्तिका' ›› रतलाम

करमदी तालाब में दो युवकों के शव मिलने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों और क्षेत्रवासियों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। उन्होंने माणकचौक थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे से अधिक समय तक चले इस प्रदर्शन में लोगों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, पांच दिन पहले ग्रामीणों ने चोरी के संदेह में प्रकाश नाम के युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। इसी दौरान उसके दो साथी—मुन्ना और शंकर—मौके से फरार हो गए थे। परिजनों का आरोप है कि घटना के तीन दिन बाद दोनों युवकों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में करमदी तालाब से बरामद हुए।

प्रदर्शन कर रहे परिजनों और रहवासियों का कहना है कि यह महज डूबने की घटना नहीं है। उनका आरोप है कि मुन्ना और शंकर के साथ कुछ गलत हुआ है। परिजनों का कहना है कि पुलिस अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है।

तेज गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं और परिजन थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान मृतकों की माता और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था, जिससे माहौल बेहद भावुक हो गया। स्थिति को बिगड़ता देख नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।



## मंडी प्रवेश के पूर्व किसानों को आधार कार्ड दिखाने का तुगलकी निर्णय वापस ले मोहन सरकार

**पिपलीया मंडी।**भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा दुःखी एवं परेशान अन्नदाता किसान है सरकार नित नए फरमान जारी कर किसानों को परेशान करने पर आमादा है।प्रदेश की भाजपा की मोहन सरकार एवं मध्यप्रदेश राज्य विपणन बोर्ड भोपाल द्वारा एक तुगलकी आदेश जारी किया है कि कृषिउपज मंडी मे आधार कार्ड दिखाने का सिस्टम तत्काल लागू कर दिया है। मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा कांग्रेस नेताओ के साथ कृषि उपज मंडी पहुंचे और किसानों से चर्चा की किसानों ने बताया कि भाजपा सरकार ओलावृष्टि और तेज बारिश से हुवे नुकासानी का मुआवजा व बीमा तो नही दे रही है और किसानों से मंडी प्रवेश के पूर्व आधार कार्ड मांग कर क्या दर्शाना चाहती है क्या हम उपज चोरी करके मंडी में बेचने आरहे है कि हम आसमान पर खेती कर रहे है,कुल मिलाकर हम किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों से किसान पहले ही काफी परेशान है किसी भी उपज के इन्हें वाजिब दाम नही मिल रहे है । किसानों को मंडी प्रवेश से पूर्व ही अपना आधारकार्ड दिखाना होगा।शर्मा ने कहा कि सरकार इस तुगलकी निर्णय को तत्काल वापस ले।

## नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु बसों की सघन जांच और मेडिकल स्टोर्स पर सख्त निगरानी करें- कलेक्टर

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर



जिले में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम, नियंत्रण तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन में बैठक हुई जिसमें कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि नारकोटिक्स के विरुद्ध कार्रवाई में आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। सभी विभाग तालमेल के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करें तथा सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित करें।

उन्होंने विशेष रूप से अंतरराज्यीय बसों में सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए, जिससे मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने सफेमा के अंतर्गत कार्रवाई, जब्ती प्रक्रिया एवं ऐनडीपीएस प्रकरणों में निरंतर जांच एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देशित किया गया कि जिले की समस्त मेडिकल दुकानों पर केमिकल स्टॉक की नियमित जांच की जाए, स्टॉक रजिस्टर का संधारण सुनिश्चित किया जाए तथा सिंथेटिक खाद्य पदार्थों की भी सघन जांच कर आवश्यकतानुसार नोटिस जारी किए जाएं। औद्योगिक क्षेत्रों में उपयोग किए जा रहे रसायनों की जानकारी एकत्रित कर उनकी सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। जिले में अफीम, भांग आदि मादक फसलों की अवैध खेती पर कड़ी निगरानी रखने तथा ऐसे क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि स्कूलों एवं महाविद्यालयों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिले में नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा उनकी कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाया जाए। बैठक में एसपी विनोद कुमार मीना, एएसपी टी.एस. बघेल,उपस्थत थे।

# तेज रफ्तार आयशर वाहन ने दो बाईकों पर सवार परिवार को पीछे से टक्कर मारी, दो मासूम बच्चियों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

बडवाह में एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने दो बाईकों पर सवार परिवार को पीछे से टक्कर मार दी। सोमवार दोपहर करीब 4.30 बजे हुए हादसे में दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई। जबकी परिवार के अन्य सदस्य घायल हैं। घटना के बाद लोगों ने आरोपी ड्राइवर को पकड़कर पीट दिया

टायर के साथ घिसटती रहीं मासूम, पिता नही बचा सके मोरटक्का निवासी बाईक सवार योगेश ने बताया कि सोमवार को वह अपने परिवार के साथ लौट रहे थे वे अपनी साईड से चल रहे थे तभी नर्मदा रोड स्थित दादा दरबार के पास एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 5 वर्षीय सृष्टि और साढ़े तीन वर्षीय भूमिका की मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घायल हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मासूम सृष्टि बाइक और







वाहन के टायर के बीच फंसकर सडक पर घिसटने लगी पिता योगेश ने उसे बचाने का प्रयास किया. लेकिन गंभीर चोटों के कारण बच्ची ने मौके पर ही दम तोड दिया।हादसे का शिकार हुए दोनों परिवार आपस में साडू भाई हैं, और सेमरला में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। शासकीय अस्पताल बडवाह मे डॉक्टरों ने सृष्टि को मृत घोषित किया वहीं गंभीर रूप से घायल भूमिका को इंदौर रेफर किया गया था। भूमिका ने भी बलवाडा के समीप रास्ते में ही दम तोड दिया।

एम्बुलेंस से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।लोगों ने आरोपी ड्राइवर को घटना के बाद पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद एसडीओपी अर्चना रावत और टीआई बलराम सिंह राठौर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने टक्कर मारने वाले आयशर वाहन को अभिरक्षा में ले लिया है।

## राजपूत समाज के सामूहिक विवाह आयोजन में 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

समीपस्त ग्राम पिपलिया में अक्षय तृतीया पर क्षत्रिय राजपूत समाज सामूहिक विवाह समिति पिपलिया बुजुर्ग द्वारा आयोजित विवाह सम्मेलन मे 17 जोड़ो का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में राजपूत समाज के वरिष्ठ समाजसेवी राकेश सिंह सोलंकी द्वारा मंच से समाज जनों को संबोधित करते हुए बताया कि बेटियां मायके की खूबसूरत खुशियां होती है। बेटियों की हंसी से आंगन भर जाता है। आयोजन में प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया गया। धरगांव की छात्रा त्रिशा डॉ आनंद सिंह मंडलोई द्वारा सीबीएसई कक्षा दसवीं में 99.20 प्रतिशत एवं यशस्वी लोकेंद्रसिंह चौहान बिलखेड़ द्वारा एमपी बोर्ड की दसवीं परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी बाबू सिंह पटेल, चेन सिंह मंडलोई, सरदार सिंह गोड़, सुमेर सिंह तंवर, सबल सिंह पटेल, राजपूत समाज महेश्वर तहसील अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान,सुनील सिंह भपलगांव, बहादुर सिंह सिसोदिया, राजेंद्र सिंह मंडलोई,पवन सिंह तंवर, डॉ आनंद सिंह मंडलोई ,ठाकुर योगेंद्र सिंह मंडलोई, आदि समाज जन मौजूद रहे, कार्यक्रम का संचालन कमलेश सिंह तंवर एवं आभार पवन सिंह मंडलोई द्वारा व्यक्त किया गया।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई का किया गया आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में किया गया। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के आवश्यक जांच एवं कार्रवाई कर निराकरण के निर्देश दिए। आज की जनसुनवाई में कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनसुनवाई के दौरान आवेदक श्री लालू कलेश निवासी ग्राम बडदला, तहसील आलीराजपुर ने आधार कार्ड बंद हाने की समस?या के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि मेरी पत्नी का आधार कार्ड बंद हो जाने के कारण उन्हें अस्पताल में प्रसव के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में आवश्यक दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड ही मांगा जा रहा है, आधार कार्ड बंद होने से इलाज में कई समस्या उत्पन्न हो रही है मेरी पत्नी का आधार कार्ड पुनः चालू करवाया जाये। इसी प्रकार एक अन्य आवेदक श्री कालीया पिता खुका निवासी ग्राम खुटाजा तहसील चन्द्रशेखर आजाद नगर ने आवेदन दिया और बताया कि मैं एक पैर से दिव्यांग हु तथा मेरी आर्थिक स्थिति भी अत्यंत कमजोर है।

# जमीन के बदले जमीन व मुआवजे की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

विकास के नाम पर क्या लोगों की जिंदगी उजाड़ना जरूरी है? क्या रेलवे विस्तार का मतलब सैकड़ों परिवारों को बेघर करना है? नेपानगर से एक ऐसी ही मार्मिक तस्वीर सामने आई है, जहां रेलवे प्रशासन के फैसले ने 240 से ज्यादा परिवारों के सिर से छत छीनने का खतरा खड़ा कर दिया है। नेपानगर के संजय नगर क्षेत्र में इन दिनों लोगों की नींद उड़ चुकी है। वजह है रेलवे प्रशासन की ओर से जारी किए गए वो नोटिस, जिनमें 240 मकानों को हटाने की बात कही गई है। रेलवे विस्तार के नाम पर की जा रही इस कार्रवाई ने सैकड़ों परिवारों के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। अगर ये मकान हटाए जाते हैं, तो करीब 250 परिवार बेघर हो जाएंगे और उनके पास न रहने की जगह होगी, न ही कोई ठोस विकल्प।यहां सवाल सिर्फ मकानों का नहीं बल्कि उन जिंदगियों का है, जो वर्षों से इस जमीन पर बसकर अपना आशियाना बना चुकी हैं। बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों का सहारा और रोजमर्रा की जिंदगी सब कुछ दांव पर लगा है। इसी अन्याय के खिलाफ नेपानगर नगर पालिका अध्यक्ष पाटिल, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अजय रघुवंशी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने कलेक्टर हर्ष सिंह को ज्ञापन सौंपा।

## गर्मी का असर, स्कूल टाइम बदला

**रतलाम।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। नए आदेश के तहत सभी सरकारी और निजी स्कूल अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगे। इससे पहले स्कूलों का समय दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित था। भीषण गर्मी को देखते हुए अब आदेश में संशोधन कर समय घटा दिया गया है।शहर में इन दिनों तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पडने की आशंका के चलते यह निर्णय लिया गया।



## सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में आलीराजपुर को प्रदेश में प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

लोक भवन, भोपाल में आयोजित समामेलित विशेष निधि प्रबंधन समिति की 25वीं वार्षिक बैठक में मध्यप्रदेश के जिलों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने द्वारा की गई। इस अवसर पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य से अधिक अनुदान राशि एकत्रित करने वाले जिलों को सम्मानित किया गया। जिसमें आलीराजपुर जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य 3,52,100 रुपये के विरुद्ध 9,53,100 रुपये से अधिक की राशि एकत्रित कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिले की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर माननीय राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल द्वारा सिविल सेवा दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## उपडाकघर में 25 को आधार नामांकन एवं अपडेट के लिए विशेष अभियान

**मंडलेश्वर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए दिनांक 25 अप्रैल शनिवार को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक मंडलेश्वर उपडाकघर में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक अपडेट जैसे आवश्यक संशोधन आसानी से करवा सकते हैं। यह सुविधा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी। अभियान के दौरान डाकघर में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को शीघ्र एवं सुगम सेवा प्रदान की जा सके। आधार नामांकन एवं अपडेशन के विशेष अभियान हेतु दिनांक 23 अप्रैल एवं 24 अप्रैल को डाकघर में टोकन प्रदान किए जाएंगे। नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने आधार से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण कराएं। नायब पोस्ट मास्टर, मंडलेश्वर ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे दिनांक 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक मंडलेश्वर उपडाकघर में पहुंचकर इस विशेष अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं।

## भीषण गर्मी में स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग

**सनावद।** संपूर्ण निमाड़ क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप जारी है। इस कारण बड़वाह क्षेत्र के अभिभावकों ने स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने जिला कलेक्टर को पत्र लिख कर जिले के निजी और शासकीय स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि बड़वाह क्षेत्र में भी भीषण गर्मी का प्रकोप निरंतर बढ़ रहा है। तापमान में अत्यधिक वृद्धि और लू के कारण सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को दोपहर के समय विद्यालय आवागमन में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बैंक एवं एटीएम का सघन निरीक्षण

**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में जिला बड़वानी के समस्त थाना क्षेत्रों में बैंक एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सघन निरीक्षण एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना स्तर पर पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के बैंकों एवं एटीएम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया तथा बैंक परिसर में आने-जाने वाले व्यक्तियों की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा बैंक प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया गया एवं बैंक सुरक्षा गार्डों को संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही आमजन को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक समझाइश दी गई, जिससे सुरक्षित एवं व्यवस्थित बैंकिंग वातावरण बनाए रखा जा सके।

## 25 अप्रैल को डाकघर में आधार नामांकन अपडेट हेतु विशेष अभियान

**बड़वानी ।** समस्त आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि २५ अप्रैल (शनिवार) को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक डाकघर में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन जैसे नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक अपडेट आदि आसानी से करवा सकते हैं। यह सुविधा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी।अभियान के दौरान संबंधित डाकघरों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को शीघ्र एवं सुगम सेवा प्रदान की जा सके। नागरिकों से अनुरोध है कि 25 अप्रैल के आधार नामांकन एवं अपडेशन के विशेष अभियान हेतु 23 एवं 24 अप्रैल को डाकघर में टोकन प्रदान किए जायेंगे वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने आधार से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण कराएं। अतः समस्त नागरिकों से अपील है कि वे दिनांक 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक डाकघर में पहुंचकर इस विशेष अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं।



## साल की 6टी सीक्वल फिल्म का टीजर रिलीज

**पति पत्नी और वो दो' में 3 एक्ट्रेसेस से रोमांस करेंगे आयुष्मान; पहले पोस्टपोन हो चुकी मूवी**

आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत और वामिका गब्बी स्टारर फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' का टीजर रिलीज हो गया है। मुदस्सर अजीज के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म जबरदस्त कॉमेडी और कन्फ्यूजन से भरी नजर आ रही है।

यह इस साल की 6वी सीक्वल फिल्म होगी। इससे पहले बॉर्डर 2, मर्दानी 3, वध 2, द केरला स्टोरी 2, गिनी वेड्स सनी जैसी फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। हालांकि बॉर्डर 2 के अलावा इनमें से कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पाई। यह फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हालांकि इससे पहले ये होली के मौके पर 4 मार्च को रिलीज होनी थी। लेकिन पोस्ट प्रोडक्शन में देरी के कारण इसे पोस्टपोन करना पड़ा था। तीन एक्ट्रेसेस के बीच फंसे आयुष्मान टीजर में आयुष्मान खुराना 'प्रजापति पांडे' के किरदार में नजर आ रहे हैं। इस बार उनकी लाइफ में कन्फ्यूजन का लेवल काफी ज्यादा है। आयुष्मान एक या दो नहीं, बल्कि तीन महिलाओं के बीच फंसे हुए हैं। फिल्म में सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में हैं। टीजर में विजय राज एक पुलिस वाले के रोल में दिख रहे हैं, जो कॉमिडी को और बढ़ा रहे हैं। होली की जगह अब मई में होगी रिलीज मेकर्स ने पहले इस फिल्म को होली के मौके पर 4 मार्च 2026 को रिलीज करने का फैसला किया था। हालांकि, अब इसकी रिलीज को टाल दिया गया है। नई घोषणा के मुताबिक, फिल्म अब 15 मई 2026 को बड़े पर्दे पर आएगी।

**मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन के अप्रूवर बनने पर विवाद**

# ईडी ने आपत्ति जताई, कोर्ट ने जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया





200 करोड़ रुपए के हाई-प्रोफाइल मनी लॉन्ड्रिंग केस में नया कानूनी मोड़ आया है। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी देकर खुद को अप्रूवर यानी सरकारी गवाह बनाने की मांग की है। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है, जिस पर करोड़ों की ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं।

न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार जैकलीन की अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत में आपत्ति जताई है। ईडी ने कोर्ट से कहा कि याचिका अस्पष्ट और अधूरी है, इसलिए जवाब के लिए समय दिया जाए। कोर्ट ने ईडी की बात मानते हुए उसे जवाब दाखिल करने के लिए समय दे दिया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जैकलीन ने कोर्ट में कहा कि वह जांच एजेंसियों के साथ सहयोग करना चाहती हैं और सच्चाई सामने लाने में मदद करना चाहती हैं। अप्रूवर का दर्जा मिलने पर वह आरोपी से अलग होकर जांच में गवाह बन सकती हैं। यह प्रक्रिया अदालत की मंजूरी और ईडी की सहमति पर निर्भर करती है।

यह मामला करीब 200 करोड़ रुपए की कथित ठगी से जुड़ा है। इसमें सुकेश चंद्रशेखर पर हाई-प्रोफाइल लोगों को निशाना बनाने और अवैध तरीके से धन जुटाने के आरोप हैं। जांच एजेंसी का दावा है कि मामले में बड़े लेन-देन और महंगे गिफ्ट्स का इस्तेमाल हुआ है। जैकलीन फर्नांडिस लंबे समय से इस केस में पूछताछ का सामना कर रही हैं। वह पहले भी दावा कर चुकी हैं कि उन्हें सुकेश के आपराधिक बैकग्राउंड की जानकारी नहीं थी और गलत जानकारी देकर फंसाया गया। अब अदालत में ईडी का जवाब और अगली सुनवाई केस की दिशा तय करेगी।



## ट्रेलर लॉन्च के दौरान रितेश देशमुख भावुक हुए

**पिता की याद से छलका दर्द, पति को इमोशनल देख जेनेलिया की भी आंखें भर आईं**

मुंबई में फिल्म राजा शिवाजी के ट्रेलर लॉन्च के दौरान रितेश देशमुख भावुक हो गए। मंच पर छत्रपति शिवाजी महाराज किरदार पर बात करते हुए वह रुक गए और उनकी आंखें नम हो गईं। इस दौरान उन्होंने अपने पिता विलासराव देशमुख को याद किया, जिससे माहौल भावनात्मक हो गया।

रितेश ने कहा कि यह किरदार उनके लिए सिर्फ रोल नहीं, बल्कि गर्व और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज को निभाना उनके करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभव रहा है। इस किरदार को निभाते हुए उन्हें बार-बार पिता की सीख और मूल्यों की याद आई, जिसने उन्हें मजबूत बनाया, लेकिन भावुक भी किया।

बात करते-करते रितेश की आवाज भर्रा गई और वह कुछ पल चुप हो गए। उन्होंने कहा कि पिता के जाने के बाद जिंदगी में खालीपन आ गया, जिसे भर पाना आसान नहीं रहा। पिछले 12 सालों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह सफर मुश्किल रहा, लेकिन पिता के दिए संस्कार उन्हें आगे बढ़ने की ताकत देते हैं। इस दौरान स्टेज पर मौजूद उनकी पत्नी जेनेलिया डिसूजा खुद को संभाल नहीं पाईं। रितेश को भावुक होते देख उनकी आंखें भी भर आईं। जेनेलिया इस फिल्म में अभिनय के साथ प्रोड्यूसर की भूमिका भी निभा रही हैं, जिससे यह प्रोजेक्ट उनके लिए खास है। फिल्म में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन और विद्या बालन अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ट्रेलर लॉन्च में मौजूद सितारों और दर्शकों ने फिल्म की भव्यता और विषय को लेकर उत्सुकता जाहिर की। कुल मिलाकर, राजा शिवाजी का ट्रेलर लॉन्च सिर्फ फिल्मी इवेंट नहीं रहा, बल्कि ऐसा पल बना जहां निजी यादें, भावनाएं और ऐतिहासिक किरदार का भार साथ दिखा। इसी वजह से रितेश और जेनेलिया के आंसू उस भावना की गहराई दिखा गए।

**युजवेंद्र चहल के साथ डेटिंग पर बोलीं शेफाली बग्गा**

# डिनर करने को लोग डेटिंग समझते हैं, सोच कितनी छोटी है

इंडियन क्रिकेट युजवेंद्र चहल के साथ अफेयर की खबरों पर अब स्पोर्ट्स एंकर शेफाली बग्गा ने चुप्पी तोड़ी है। दरअसल धनश्री वर्मा से अलग होने के बाद चहल का नाम लगातार शेफाली के साथ जोड़ा जा रहा है।

हाल ही में एक पॉडकास्ट में शेफाली ने इन अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि लोग बहुत जल्दी किसी भी मुलाकात को गलत नाम दे देते हैं।

**शेफाली विराट कोहली जैसा पार्टनर चाहती हैं**



डिनर करने का मतलब डेटिंग नहीं होता फिल्मीज्ञान के पॉडकास्ट में शेफाली बग्गा ने कहा कि वे डेटिंग की खबरों से अब परेशान हो चुकी हैं। उन्होंने कहा, मुझे हैरानी होती है कि लोगों की सोच कितनी छोटी है। अगर आप किसी के साथ डिनर पर जाते हैं, तो लोग उसे डेटिंग समझ लेते हैं। यह बहुत अजीब है।

बता दें कि कुछ समय पहले चहल और शेफाली एक साथ नजर आए थे, जिसके बाद से ही सोशल मीडिया पर उनके अफेयर की चर्चा शुरू हो गई थी।

क्रिकेटर से शादी करने के सवाल पर दिया जवाब पॉडकास्ट के दौरान जब शेफाली से पूछा गया कि क्या वे किसी क्रिकेटर से शादी करेंगी? इस पर उन्होंने साफ मना कर दिया। शेफाली ने कहा, क्रिकेट मेरा प्रोफेशन है। मैं अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को मिक्स नहीं करना चाहती। इसलिए मैं किसी क्रिकेटर से शादी नहीं करना चाहूंगी।

उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अब इन अफवाहों से फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि उन्हें और उनके परिवार को सच पता है।





**विराट कोहली जैसा पार्टनर चाहती हैं-** शेफाली शादी और लाइफ पार्टनर के सवाल पर शेफाली ने कहा कि वे भविष्य में विराट कोहली जैसा पार्टनर चाहती हैं। उन्हें विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की जोड़ी परफेक्ट लगती है। शेफाली के मुताबिक, वे विराट जैसी पर्सनैलिटी और कमिटमेंट वाला इंसान अपनी जिंदगी में चाहती हैं। बिग बॉस से मिली थी पहचान शेफाली बग्गा स्पोर्ट्स एंकरिंग की दुनिया में चर्चित नाम हैं। वे 'बिग बॉस 13' में बतौर कंटेस्टेंट नजर आई थीं, जहां से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली। शेफाली के करियर की बात करें तो वे कई बड़े क्रिकेट इवेंट्स होस्ट कर चुकी हैं और सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।

### सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2026 के 31वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराया

# अभिषेक ने कोहली की बराबरी की, 9वां टी-20 शतक लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2026 के 31वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हरा दिया। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में अभिषेक शर्मा ने 9वां टी-20 शतक लगाकर विराट कोहली की बराबरी कर ली।

मंगलवार को अभिषेक ने फील्डिंग में भी कमाल दिखाया। उन्होंने केएल राहुल और नीतीश राणा के कैच पकड़कर मैच का रुख पलट दिया। हेनरिक क्लासन ने 100 आईपीएल सिक्स पूरे किए।



**अभिषेक ने 184 पारी में 9 टी-20 शतक लगाए-** अभिषेक शर्मा के टी-20 में 9 शतक पूरे हो गए। उन्होंने यह उपलब्धि 184 पारियों में हासिल की, जो भारतीयों में सबसे तेज है। कोहली को यहां तक पहुंचने में 403 पारियां लगी थीं। टी-20 में ओवरऑल सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 22 शतक लगाए हैं। बाबर आजम (12) और डेविड वॉर्नर (10) उनके बाद हैं।

**अभिषेक ने 5वीं बार एक पारी में 10+ सिक्स लगाए-** अभिषेक शर्मा ने टी-20 में पांचवीं बार एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाए। वे इस मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 18 बार ऐसा किया है। एविन लुईस और श्रेयस अय्यर ने 4-4 बार यह कारनामा किया है। आईपीएल में यह दूसरी बार है जब अभिषेक ने एक पारी में 10 छक्के लगाए और वे गेल के बाद ऐसा कई बार करने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 350 छक्के भी पूरे कर लिए।

**अभिषेक ने केएल राहुल को पीछे छोड़ा-** अभिषेक शर्मा ने आईपीएल में नाबाद 135 रन बनाकर केएल राहुल (132*) को पीछे छोड़ दिया है। वे आईपीएल के हाईएस्ट इंडविजुअल स्कोरर की लिस्ट में दूसरी बार शामिल हो गए। इससे पहले पिछले साल उन्होंने 141 रन की पारी खेली थी।

टी-20 में 130+ स्कोर के मामले में अभिषेक 4 बार के साथ टॉप पर पहुंच गए हैं, जबकि आरोन फिंच और क्रिस गेल ने 3-3 बार यह कारनामा किया है।

**क्लासन आईपीएल में 100 सिक्स लगाने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज-** हेनरिक क्लासन आईपीएल में 100 छक्के लगाने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। उन्होंने यह उपलब्धि 52 पारियों में हासिल की। उनसे आगे क्रिस गेल (37 पारियां) और आंद्रे रसेल (47 पारियां) हैं। गेंदों के हिसाब से क्लासन 1072 गेंदों में इस आंकड़े तक पहुंचे और सातवें स्थान पर हैं।

**अक्षर पटेल का 100वां टी-20 मैच-** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल टीम के लिए अपना 100वां टी-20 मैच खेल रहे हैं। वे 2019 से टीम का हिस्सा हैं और उसी साल 5 करोड़ रुपए में खरीदे गए थे। शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें मेगा नीलामी से पहले 16.50 करोड़ रुपए में रिटेन किया गया। 14 मार्च 2025 को उन्हें टीम की कमान सौंपी गई।

**अभिषेक की हाफ सेंचुरी, रनआउट होने से बचे-** 9वें ओवर की पहली बॉल पर अभिषेक शर्मा ने हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने अक्षर पटेल की गेंद को लेग साइड में खेलकर दो रन लिए। दूसरे रन पर थ्रो विकेटकीपर केएल राहुल के पास आया, लेकिन वे गेंद को साफ तरीके से कलेक्ट नहीं कर सके। रिप्ले में दिखा कि अगर राहुल गेंद पकड़ लेते, तो अभिषेक क्रीज से बाहर थे।

**नीतीश राणा ने अभिषेक का कैच छोड़ा-** 13वें ओवर की तीसरी गेंद पर अभिषेक शर्मा को एक और जीवनदान मिला। टी. नटराजन की लो फुलटॉस पर उन्होंने बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से खेलने की कोशिश की। डीप में खड़े नीतीश राणा बाईं ओर दौड़ते हुए पहुंचे, लेकिन दोनों हाथों से कैच पकड़ने के बावजूद गेंद उनके हाथ से निकल गई।

**अभिषेक का शतक और ईशान किशन रनआउट-** 14वें ओवर की दूसरी गेंद पर अभिषेक शर्मा ने छक्का लगाकर शतक पूरा किया। नीतीश राणा की शॉर्ट गेंद को उन्होंने डीप मिडविकेट के ऊपर से पुल किया। इसी ओवर की चौथी गेंद पर ईशान किशन रनआउट हो गए। अभिषेक ने गेंद को सामने खेला, लेकिन नॉन-स्ट्राइकर एंड पर खड़े ईशान काफी आगे निकल चुके थे। नीतीश राणा ने गेंद को स्टंप्स पर डिफ्लेक्ट किया और ईशान समय पर क्रीज में नहीं लौट सके।

**अभिषेक ने राहुल-राणा के कैच लपके-** अभिषेक शर्मा ने फील्डिंग में कमाल दिखाते हुए लगातार ओवरों में दो कैच पकड़कर मैच का रुख बदल दिया। 10वें ओवर में ईशान मलिंगा की फुल लेंथ गेंद पर नीतीश राणा ने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सही तरीके से बैट पर नहीं आई। लॉन्ग-ऑन से दौड़ते हुए अभिषेक शर्मा ने आगे स्लाइड कर लो कैच पकड़ा। राणा 30 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले 9वें ओवर में साकिब हुसैन की फुलटॉस गेंद पर केएल राहुल ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही और गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वेयर पर खड़े अभिषेक के हाथों में गई। राहुल 23 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए।

### आईपीएल में आज लखनऊ के सामने राजस्थान

# वैभव इस सीजन 20 सिक्स लगा चुके



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

आईपीएल 2026 का 32वां मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। मुकाबला शाम 7:30 बजे लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होगा। इस मैदान पर दोनों टीमें दूसरी बार आमने-सामने होंगी। 2024 में यह मुकाबला राजस्थान ने जीता था। 15 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी इस सीजन 20 सिक्स के साथ सबसे ज्यादा सिक्स लगाने में दूसरे नंबर पर हैं। 3 और सिक्स लगाते ही वे यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। 22 सिक्स के साथ बेंगलुरु के रजत पाटीदार पहले पायदान पर हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच अब तक कुल 6 मुकाबले खेले गए हैं। हेड टु हेड में राजस्थान का पलड़ा भारी रहा है, जिसने 4 मैच जीते हैं, जबकि लखनऊ को सिर्फ 2 जीत मिली हैं। पिछले साल एक ही मैच हुआ था। इसमें लखनऊ को जीत मिली थी। लखनऊ के लिए इस सीजन में ऐडन मार्करम शानदार फॉर्म में नजर आए हैं। उन्होंने 6 मैचों में 162 रन बनाए हैं और 160.30 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए टीम के मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी है, हालांकि अब तक उनके बल्ले से कोई फिफ्टी या सेंचुरी नहीं आई है। गेंदबाजी में प्रिंस यादव ने एलएसजी के लिए सबसे ज्यादा प्रभाव डाला है। इस युवा गेंदबाज ने 6 मैचों में 12 विकेट झटके हैं और 4/28 उनका बेस्ट प्रदर्शन रहा है। हालांकि उनकी इकोनॉमी 9.91 रही है, लेकिन विकेट निकालने की क्षमता ने उन्हें टीम का सबसे बड़ा मैच-विनर बना दिया है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154










## एक्सपायर कार्ड की टेंशन खत्म

# अब नहीं रुकेंगे आपके ओटीटी और बिजली के बिल



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल पेमेंट के नियमों में बदलाव करते हुए ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। अब कार्ड एक्सपायर होने या दोबारा जारी होने पर पुराने ई-मैंडेट, ऑटो-पेमेंट अपने आप नए कार्ड पर शिफ्ट हो जाएंगे। साथ ही, बीमा और म्यूचुअल फंड जैसे बड़े भुगतानों के लिए बिना ओटीपी की सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी गई है।

अगर आपका पुराना डेबिट या क्रेडिट कार्ड एक्सपायर हो गया है, तो अब आपको अपनी सब्सक्रिप्शन सेवाओं के लिए बार-बार बैंक के चक्कर काटने या ऐप अपडेट करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को कार्ड जारी करने वाले बैंकों और संस्थाओं को एक नई सुविधा देने की मंजूरी दे दी है। अब बैंक आपके पुराने ई-मैंडेट को सीधे आपके नए कार्ड पर मैप कर सकेंगे।

**क्या है ई-मैंडेट मैपिंग-** अक्सर कार्ड बदलने पर नेटफ्लिक्स, जिम की फीस या बिजली के बिल जैसे ऑटो-डेबिट पेमेंट रुक जाते थे। ग्राहकों को हर जगह जाकर नए कार्ड की डिटेल डालनी पड़ती थी। आरबीआई के नए निर्देश के बाद, बैंक पुराने कार्ड पर चल रहे सभी पेमेंट निदेर्शों को नए कार्ड पर ट्रांसफर कर देंगे। इससे ग्राहकों का समय बचेगा और पेमेंट फेल होने का डर भी खत्म होगा।

**बड़ी रकम के भुगतान अब और आसान-** रिजर्व बैंक ने इस नोटिफिकेशन में एक और बड़ा एलान किया है। अब इंश्योरेंस प्रीमियम, म्यूचुअल फंड निवेश और क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट के लिए एक लाख रुपये तक के ट्रांजैक्शन पर एडिशनल फैक्टर ऑफ ऑथेंटिकेशन (एएफए) यानी ओटीपी की जरूरत नहीं होगी। सामान्य ई-मैंडेट के लिए यह सीमा 15,000 रुपये तय की गई है।

## पश्चिम एशिया संकट का भारत पर गहरा असर, यूएनडीपी ने दी चेतावनी

# 25 लाख लोगों के गरीबी में जाने का खतरा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव। यूएनडीपी रिपोर्ट के अनुसार 25 लाख लोग गरीबी में जा सकते हैं।

पश्चिम एशिया में चल रहे सैन्य संघर्ष का असर अब सीधे तौर पर भारतीय अर्थव्यवस्था और आम आदमी पर पड़ने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, इस संकट के कारण भारत में लगभग 25 लाख लोगों के गरीबी में धकेल दिए जाने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। 'मिलिट्री एस्केलेशन इन द मिडिल ईस्टः ह्यूमन डेवलपमेंट इम्पैक्ट्स अक्रॉस एशिया एंड द पैसिफिक' नामक इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यह भू-राजनीतिक तनाव पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास और आजीविका पर भारी दबाव डाल रहा है।

**गरीबी और विकास पर सीधी चोट-** रिपोर्ट के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोगों के गरीबी में गिरने का जोखिम है, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा दक्षिण एशिया का है। भारत के संदर्भ में, अनुमान है कि संकट के बाद देश की गरीबी दर 23.9 प्रतिशत से बढ़कर 24.2 प्रतिशत हो जाएगी, जिससे 24,64,698 अतिरिक्त लोग गरीबी के दायरे में आ जाएंगे। इसके अतिरिक्त, भारत को अपने मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) की प्रगति में भी लगभग 0.03 से 0.12 वर्ष का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार में भारी उथल-पुथल-** भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है। देश अपनी कुल तेल जरूरतों का 90 प्रतिशत से अधिक आयात करता है, जिसमें से 40 प्रतिशत कच्चा तेल और 90 प्रतिशत एलपीजी (एलपीजी) अकेले पश्चिम एशिया से आता है। रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य संकट के कारण माल ढुलाई लागत और बीमा प्रीमियम में भारी वृद्धि हुई है, जिससे व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह बाधित हुई है। इसका सीधा असर भारत के 48 अरब डॉलर के गैर-तेल निर्यात पर पड़ रहा है, जिसमें बासमती चावल, चाय, रत्न और आभूषण तथा परिधान जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

**आईईए और आईएमएफ ने भी जताई चिंता-** अमेरिका और इस्त्राइल की ओर से ईरान के खिलाफ छेड़े गए युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरे संकट के बादल मंडरा रहे हैं, जिसके नकारात्मक प्रभाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक के प्रमुखों ने गंभीर चेतावनी जारी की है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉजीर्वा ने स्पष्ट किया है कि मध्य पूर्व में जारी इस संघर्ष के कारण संस्था द्वारा इस वर्ष के वैश्विक आर्थिक विकास के पूवार्नुमान में कटौती की जाएगी। इस कड़े भू-राजनीतिक झटके ने विश्व स्तर पर तेल, गैस और उर्वरकों की कीमतों में भारी उछाल ला दिया है, जिससे ऊर्जा आयातकों और विशेष रूप से कम आय वाले देशों पर व्यापक व असमान प्रभाव पड़ा है। आपूर्ति शृंखला में आई इस बड़ी बाधा ने जहां एक ओर खाद्य सुरक्षा और रोजगार छिनने की चिंताओं को जन्म दिया है, वहीं होर्मुज जलडमरूमध्य में बुनियादी ढांचे को पहुंचे नुकसान के कारण ऊर्जा और उर्वरक की कीमतों के लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बने रहने की आशंका है।



### एमएसएमई, रोजगार और खाद्य सुरक्षा पर मंडराता खतरा

इस संकट के कारण घरेलू अर्थव्यवस्था के कई मोर्चों पर दबाव साफ देखा जा सकता हैः

- **एमएसएमई और नौकरियांः** भारत का लगभग 90 प्रतिशत रोजगार असंगठित क्षेत्र में है। महंगे आयात और आपूर्ति की कमी के कारण आतिथ्य, खाद्य प्रसंस्करण, निर्माण सामग्री और रत्न निर्माण से जुड़े छोटे उद्योगों में लागत बढ़ रही है। इससे काम के घंटे कम होने, छंटनी होने और व्यापार बंद होने का जोखिम पैदा हो गया है।
- **दवाएं और चिकित्सा उपकरणः** होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास व्यवधान के कारण चिकित्सा उपकरणों के लिए आवश्यक कच्चे माल की लागत 50 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है। वहीं, दवाओं की थोक कीमतों में पहले ही 10-15 प्रतिशत का इजाफा हो चुका है।
- **खाद्य सुरक्षा और खेतीः** भारत अपना 45 प्रतिशत से अधिक उर्वरक आयात पश्चिम एशिया से करता है। रिपोर्ट चेतावनी देती है कि यदि यह व्यवधान जून में शुरू होने वाले खरीफ सीजन (मानसून की फसल) तक जारी रहता है, तो कृषि क्षेत्र प्रभावित होगा, हालांकि वर्तमान में उपलब्ध 61.14 लाख टन यूरिया का बफर स्टॉक कुछ राहत प्रदान कर सकता है।
- **रेमिटेंस में गिरावटः** खाड़ी देशों में काम करने वाले 93.7 लाख भारतीय देश के कुल रेमिटेंस का 38-40 प्रतिशत हिस्सा भारत भेजते हैं। वहां आर्थिक मंदी के कारण इन प्रवासियों की आय प्रभावित होने का अनुमान है, जिसका सीधा असर भारत में उनके परिवारों की क्रय शक्ति और घरेलू आय पर पड़ेगा।

## ईरान संकट बीच

# भारत की नए बाजारों में जमने की तैयारी, नीति आयोग की रिपोर्ट में दावा



ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

नीति आयोग की रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत निर्यात विविधीकरण के रास्ते पर है और कई देशों का साथ व्यापार समझौतों पर तेजी से काम किया जा रहा है। ईरान संकट के बीच भारत कारोबार के लिए नए बाजारों में जमने की तैयारी में है। इसके लिए कनाडा, इस्त्राइल, श्रीलंका, पेरू, चिली, ऑस्ट्रेलिया और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर तेजी से काम हो रहा है। फिलीपींस और मालदीव के साथ भी बातचीत आगे बढ़नी है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तरी अमेरिका (विशेषकर अमेरिका) और यूरोप (नीदरलैंड्स के नेतृत्व में) जैसे पारंपरिक बाजार निर्यात के प्रमुख आधार बने रहे। उत्तर-पूर्व एशिया और पूर्वी अफ्रीका जैसे उभरते क्षेत्र महत्व प्राप्त कर रहे हैं। यह धीरे-धीरे विविधीकरण को दशार्ता है। मुक्त व्यापार समझौतों के जरिये भारत का कुल व्यापार 2024 में बढ़कर 28.8 फीसदी पहुंच गया, जो 2006 में 4.6 फीसदी था। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता लागू हो जाने के बाद यह हिस्सेदारी और बढ़ेगी।

**आयात-निर्यात में खाड़ी क्षेत्र का 12 फीसदी हिस्सा-** भारत के कुल निर्यात-आयात में खाड़ी क्षेत्र की करीब 12 फीसदी है। इसमें यूएई (निर्यात 7.5 फीसदी एवं आयात 6.1 फीसदी) और सऊदी अरब (निर्यात 2.36 फीसदी व आयात 3.9 फीसदी) प्रमुख साझेदार हैं। यूएई एक प्रमुख पुनः निर्यात केंद्र के रूप में कार्य करता है, जो भारत के व्यापार को पश्चिम एशिया, अफ्रीका और यूरोप से जोड़ता है। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका, यूएई और हांगकांग की संयुक्त हिस्सेदारी 70-75 फीसदी है।?वहीं, स्पेन भारत के लिए शीर्ष-10 निर्यात गंतव्यों में शामिल हुआ। उत्तर-पूर्व एशिया में निर्यात 33.5 फीसदी बढ़ा है।

## डिजिटल अरेस्ट पर सीजेआई सूर्यकांत ने जताई चिंता, आरबीआई समेत बैंकों को दिए सख्त आदेश

# पढ़े-लिखे भी बन रहे सायबर अपराध का शिकार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली




सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट ठगी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि पढ़े-लिखे लोग भी इस साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं, जो बेहद चिंताजनक है। सुनवाई के दौरान एक बुजुर्ग महिला की पूरी रिटायरमेंट राशि ठगे जाने का मामला भी सामने आया।

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी बढ़ती ठगी की घटनाओं पर एक बार फिर गंभीर चिंता जताई है। सोमवार को सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि यह बेहद चौंकाने वाली और चिंताजनक स्थिति है कि अच्छी शिक्षा प्राप्त लोग भी इस तरह के साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची भी शामिल थे, डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटारमानी ने अदालत को बताया कि इस मुद्दे पर लगातार बैठकें हो रही हैं और सरकार तेजी से आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने मामले को 12 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।

**बुजुर्ग महिला की पूरी रिटायरमेंट राशि ठगी गई-** सुनवाई के दौरान सीजेआई ने एक बुजुर्ग महिला का मामला साझा किया, जिन्हें वह आधिकारिक तौर पर जानते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण रूप से महिला की पूरी रिटायरमेंट राशि साइबर ठगों ने हड़प ली। इस पर अदालत ने गहरी नाराजगी जताई। एक अधिवक्ता ने कहा कि जब सर्वोच्च न्यायालय इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है, तब भी लगातार ऐसे मामलों का सामने आना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस पर उखकने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि पढ़े-लिखे लोग भी इस तरह आसानी से ठगे जा रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 9 फरवरी को डिजिटल फ्रॉड के जरिए 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की ठगी को सीधी लूट और डकैती करार दिया था। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकों, दूरसंचार विभाग और अन्य संबंधित संस्थाओं के साथ मिलकर मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाए। अदालत ने यह भी कहा था कि बैंकों को साइबर ठगी रोकने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जरूरत पड़ने पर संदिग्ध खातों पर अस्थायी रोक लगाई जाए ताकि पैसे की निकासी रोकी जा सके।

### सीबीआई जांच और मुआवजा ढांचा बनाने के निर्देश

शीर्ष अदालत ने सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामलों की पहचान कर देशव्यापी जांच करने को कहा था। साथ ही गुजरात और दिल्ली सरकारों को ऐसे मामलों में जांच की मंजूरी देने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने भारतीय रिजर्व बैंक, दूरसंचार विभाग और अन्य एजेंसियों से मिलकर पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए एक स्पष्ट व्यवस्था तैयार करने को भी कहा था।

अटॉर्नी जनरल ने अदालत को बताया कि आरबीआई ने बैंकों के लिए एक प्रारूप रङ्गढ तैयार कर लिया है, जिसमें संदिग्ध लेनदेन रोकने और खातों पर अस्थायी डेबिट होल्ड लगाने जैसे प्रावधान शामिल हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 12 मई को तय की है।

डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगी का एक नया और खतरनाक तरीका है। इसमें अपराधी खुद को पुलिस अधिकारी, सीबीआई अधिकारी, अदालत कर्मचारी या किसी सरकारी एजेंसी का प्रतिनिधि बताकर लोगों को फोन या वीडियो कॉल करते हैं।

## स्वदेशी माइक्रो ड्रोन के लिए आरएफआई जारी

# साइबर ठगी के मामलों में 32 बैंक अधिकारी समेत 52 गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सरकार ने भारतीय वायुसेना के विशेष बल गरुड़ के लिए अत्याधुनिक माइक्रो मानवरहित व्हीकल (यूएवी) सिस्टम खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर इंफॉर्मेशन (आरएफआई) जारी किया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह नई ड्रोन प्रणाली ऊंचाई वाले इलाकों में निगरानी और ऑपरेशन के लिए तैयार की जा रही है। यह समुद्र तल से 16,400 फीट तक की ऊंचाई पर काम कर सकेगी और माइनस 20 डिग्री सेल्सियस से 50 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी सक्रिय रहेगी। यह ड्रोन दिन और रात दोनों समय निगरानी, लक्ष्य पहचान और रियल टाइम जानकारी देने में सक्षम होगा। इसे हल्का बनाया जाएगा, ताकि दो लोग आसानी से साथ लेकर चल सकें।

**जीपीएस के बिना भी काम करने की क्षमता -** नए यूएवी की रेंज कम से कम 15 किमी और उड़ान समय 60 मिनट या उससे अधिक रखने की योजना है। इसमें ऑटोमैटिक टेक-ऑफ और लैंडिंग, सुरक्षित एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन व जीपीएस के बिना भी काम करने की क्षमता होगी। इस प्रोजेक्ट में पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर जोर दिया गया है। सरकार बाय (इंडियन-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत कम से कम 60 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ इसे विकसित करना चाहती है।

देशभर में फैले एक बड़े साइबर ठगी नेटवर्क पर हैदराबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 राज्यों में एक साथ छापे मार 52 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस नेटवर्क में 32 बैंक अधिकारियों की संलिप्तता सामने आई है, जो फर्जी खातों के जरिये ठगी के पैसों के लेनदेन में मदद कर रहे थे। पुलिस आयुक्त वी सी सज्जनार ने बताया कि ऑपरेशन ऑक्टोपस 2.0 के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार लोगों में 32 बैंक अधिकारी, 15 म्यूल अकाउंट धारक और 5 बिचौलिए शामिल हैं। जांच में सामने आया कि बैंक अधिकारी फर्जी या म्यूल खाते खोलने में मदद करते थे, जिनका इस्तेमाल साइबर ठगी के पैसों को इधर-उधर करने में होता था। सात दिन तक चले इस अभियान में महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार में एक साथ छापे मारे गए।

## UP के मुस्लिम परिवार ने उत्तराखंड में अपनाया हिंदू धर्म, गंगा में डुबकी लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के एक मुस्लिम परिवार ने आज हरिद्वार में हिंदू धर्म अपना लिया। नमामि गंगे घाट पर कई संतों की मौजूदगी में परिवार के पांचों सदस्यों का शुद्धिकरण किया गया, गंगा में डुबकी लगवाई गई और फिर मंत्रो उच्चारण के बीच हवन में उन्हें जनेऊ पहनाया गया।

हिंदू धर्म में शामिल कराने बाद उन सभी के नाम भी बदल दिए गए, परिवार के मुखिया मोहम्मद शहजाद अब ह्यशंकरह्न बन गए हैं और उनकी पत्नी रजिया से ह्यसावित्रीह्न बन गई है। इसी दौरान का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें शहजाद घाट किनारे खड़े अपने गुरु अरुण किशन महाराज के पैर चूमते हुए दिख रहा है।

इस पूरे कार्यक्रम में मौजूद संतों ने इसे घर वापसी बताया है। स्वामी प्रबोधानंद महाराज ने दावा किया है कि भारत का हर मुस्लिम पहले हिंदू ही था और सभी को हिंदू धर्म में आकर घर वापसी करनी चाहिए। वहीं शहजाद से शंकर बने युवक ने कहा कि वह बचपन से ही सनातन धर्म में विश्वास रखता था। हालांकि उसने कहा- मुझे अब उन लोगों से खतरा है जो पहले मेरे अपने थे, हालांकि अब मुझे उन लोगों से कोई मतलब नहीं है।

### सहारनपुर का परिवार, गुरु के संपर्क में था; बच्चों के नाम भी बदले

ये पूरा परिवार उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रहता है। चंडीघाट पर हुए इस पूरे कार्यक्रम में मौजूद अरुण किशन महाराज ने बताया कि शहजाद लंबे समय से उनके संपर्क में था और लगातार सनातन धर्म अपनाने की इच्छा जता रहा था। उनके अनुसार, पूरा परिवार जब सहमत हुआ तो फिर आज सभी को हिंदू धर्म में शामिल कर लिया गया। रजिया और शहजाद की दो बेटियों और एक बेटे का भी नाम बदल दिया गया है। बेटे का नाम रूद्रह्न और बेटियों के नाम ह्यरुक्मिणीह्न व ह्यदिशाह्न रखे गए हैं। शहजाद ने कहा कि वह रोज नियमित रूप से नमाज नहीं पढ़ता था और समय के साथ उसे महसूस हुआ कि यह रास्ता उसके लिए सही नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-छूने से देवता अपवित्र कैसे होते हैं:

# सबरीमाला के वकील बोले- भगवान अयप्पा ब्रह्मचारी, इसलिए पूजा की प्रथा भी वैसी



## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-छूने से देवता अपवित्र कैसे होते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि अगर राज्य सामाजिक सुधार या जनहित के नाम पर किसी धार्मिक प्रथा या रिवाज पर रोक लगाता है, तो उसकी जांच कोर्ट कर सकता है। कोर्ट ने कहा कि हम नहीं तो फिर जांच कौन करेगा?

कोर्ट ने साफ किया कि ज्यूडिशियल रिव्यू की शक्ति पर कुछ सीमाएं हैं, लेकिन यह नहीं कह सकते कि कोर्ट के पास कोई अधिकार ही नहीं है। बेंच ने ये बातें सीनियर वकील जे साई दीपक की दलीलों पर कहीं। वे पंडालम शाही परिवार और ऐतिहासिक श्रीउर मठ की तरफ से कोर्ट में पेश हुए थे।

कई धार्मिक परंपराएं इतनी पवित्र होती हैं कि कोर्ट को उनमें दखल नहीं देना चाहिए। अगर सरकार किसी परंपरा को कानून में लिख दे (कोडिफाई कर दे), तो इसका मतलब यह नहीं कि कोर्ट उसे जांचने लगे। कोर्ट का काम सिर्फ यह देखना है कि कानून संविधान के अनुसार है या नहीं, धार्मिक परंपरा सही है या गलत- यह तय करना नहीं। कोर्ट ने कहा कि संविधान के तहत कोर्ट यह देख सकता है कि सरकार का फैसला सही है या नहीं। पूरी तरह से हाथ खड़े करना सही नहीं होगा।

इसके पहले कोर्ट ने पूछा, ह्यमूर्ति छूना ईश्वर का अपमान कैसे हो सकता है और वे अपवित्र कैसे हो जाते हैं।' सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, 'क्या संविधान उस भक्त की मदद के लिए आगे नहीं आएगा, जिसे केवल उसके वंश और जन्म के कारण देवता को छूने से रोक दिया जाता है।'

इस पर सबरीमाला के वकील एडवोकेट वी. गिरी ने कहा किसी भी मंदिर में होने वाले रीति-रिवाज उस धर्म का अभिन्न हिस्सा होते हैं। पूजा देवता की विशेषताओं के उलट नहीं हो सकती। भगवान अयप्पा ह्यनैष्ठिक ब्रह्मचारीह्न हैं, इसलिए वहां की परंपराएं उसी के अनुरूप तय की गई हैं।

### कल आ सकता है फैसला

सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और जुड़े हैं। फैसला कल आने की संभावना है। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिसपर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है।




1. अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरा क्या है?
2. 'नैतिकता' और 'संवैधानिक नैतिकता' की परिभाषा क्या है और इनमें क्या अंतर है?
3. धार्मिक प्रथाओं में कोर्ट के हस्तक्षेप या न्यायिक समीक्षा की सीमा कहां तक होनी चाहिए?
4. अनुच्छेद 25 (व्यक्तिगत धार्मिक अधिकार) और अनुच्छेद 26 (धार्मिक संप्रदाय के अधिकार) के बीच संतुलन कैसे तय होगा?
5. क्या अनुच्छेद 26 के तहत मिलने वाले अधिकार अन्य से ऊपर हैं या उनके अधीन आते हैं?
6. अनुच्छेद 25(2)(b) में 'हिंदुओं के वर्ग' (class of Hindus) का अर्थ किस रूप में समझा जाए?
7. क्या कोई व्यक्ति, जो उस धर्म का अनुयायी नहीं है, जनहित याचिका (PIL) के जरिए किसी धार्मिक परंपरा को चुनौती दे सकता है?

# टीसीएस केस-जबरन धर्मांतरण में शामिल थी निदा खान:पुलिस का दावा-दो महीने की प्रेग्नेंसी का हवाला देकर अग्रिम जमानत मांगी

### पीड़ित इंजीनियर बोली- गुड़ी पड़वा के दौरान छेड़छाड़ हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई के नासिक स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में यौन उत्पीड़न मामले में कंपनी की प्रोसेस एसोसिएट आरोपी निदा खान अब तक फरार है। पुलिस ने दावा किया है कि वह जबरन धर्मांतरण में शामिल थी। सेशंस कोर्ट से गिरफ्तारी पर अंतरिम सुरक्षा नहीं मिलने के बाद पुलिस ने कहा है कि निदा खान की तलाश जारी है।

उसने दो महीने की प्रेग्नेंसी का हवाला देकर अग्रिम जमानत के लिए नासिक सेशंस कोर्ट में अर्जी दी थी, लेकिन कोर्ट ने सोमवार को उसे 27 अप्रैल तक राहत देने से इनकार कर दिया था। अब अदालत 27 अप्रैल को अग्रिम जमानत याचिका और अंतरिम राहत याचिका दोनों पर सुनवाई करेगी।

इस मामले में अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कंपनी की ज्यादातर पीड़िताएं मिडिल क्लास परिवारों से हैं। उनकी उम्र 21 से 30 साल के बीच है। वे एसोसिएट लेवल पर काम करती थीं और 20 हजार रुपए महीना सैलरी पाती थीं।



पीड़ित महिला इंजीनियर ने 5 आरोपियों पर जून 2025 से मार्च 2026 के बीच लगातार यौन उत्पीड़न, पीछा करने (स्टॉकिंग) और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगाए हैं। उसने कहा कि एक आरोपी ने हिंदू देवी-देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणी की।

महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया कि उसका टीम लीडर ट्रेनिंग के बहाने उसे गलत तरीके से छूता था। वहीं, एक अन्य आरोपी ने ऑफिस की पेंट्री में गुड़ी पड़वा के दौरान उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़ित ने यह भी कहा कि उसकी शादीशुदा जिंदगी को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं।

### पीड़ित का दावा- आरोपी सोशल मीडिया पर भी परेशान करते थे

पीड़ित के मुताबिक, उत्पीड़न सिर्फ ऑफिस तक सीमित नहीं था, बल्कि आरोपी सोशल मीडिया पर भी उसका पीछा कर रहे थे और परेशान कर रहे थे। उसने कई बार आरोपियों को ब्लॉक करने की कोशिश की, लेकिन स्टॉकिंग नहीं रुकी, जिसके बाद उसे कानूनी मदद लेनी पड़ी। इस मामले पर कहा है कि कंपनी लंबे समय से किसी भी तरह के उत्पीड़न और दबाव के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाती है। नासिक ऑफिस में यौन उत्पीड़न के आरोपों में शामिल कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है।

कंपनी ने यह भी कहा कि शुरुआती जांच में उसे अपने एथिक्स या ढइरऌ (यौन उत्पीड़न रोकथाम) चैनलों पर किसी महिला कर्मचारी की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली थी। साथ ही, कंपनी ने आंतरिक जांच के लिए एक ओवरसाइट पैनल बनाने और बाहरी एजेंसियों को शामिल करने की घोषणा की है।

### वित्तीय लेन-देन की जांच में सहयोग नहीं कर रही

पीड़ित लड़कियों ने जब आरोपियों के खिलाफ शिकायत की तो अश्विनी ने शिकायत को जानबूझकर नजरअंदाज किया। उलटा उसने पीड़ित को ही फटकार लगाई। सोमवार को तीन दिन की हिरासत समाप्त होने के बाद उसे अदालत में पेश किया गया। वह वित्तीय लेन-देन की जांच में पुलिस का बिल्कुल भी सहयोग नहीं कर रही है। इसलिए उसकी पांच दिन की हिरासत मांगी गई थी।

## राहुल गांधी का कोलकाता दौरा रद्द, प्रशासन पर परमिशन नहीं देने का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 23 अप्रैल को कोलकाता दौरा रद्द कर दिया गया है। पार्टी का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन ने ममता सरकार के इशारे पर अनुमति नहीं दी। न्यूज एजेंसी अठकके मुताबिक, पार्टी ने शाम 6 बजे तक मंजूरी का इंतजार किया। पुलिस से अनुमति नहीं मिलने पर कार्यक्रम की तैयारियां पूरी करना संभव नहीं रहा। पार्टी अब नए शेड्यूल के लिए आवेदन करेगी। दौरा 25 या 26 अप्रैल को कराया जा सकता है। इधर, गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में तीन रैलियां कीं। उन्होंने चांदीपुर में कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर बंगाल में बाबरी मस्जिद नहीं बनने देंगे। अयोध्या में जहां बाबरी मस्जिद थी, वहां राम मंदिर बन चुका है। बंगाल में ऐसी कोई कोशिश सफल नहीं होगी। इसके अलावा शाह ने आसनसोल में कहा कि ममता के गुंडों कान खोलकर सुन लें। 23 तारीख को मतदान में जरा भी खलल डाला तो 4 मई के बाद उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। ममता के गुंडों की बंगाल के जनता के सामने कोई मजाल नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चेन्नई में पीएम मोदी को आतंकवादी कह दिया। हालांकि, उन्होंने कुछ देर बाद इस पर सफाई भी दी। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बीजेपी अपने वादे पूरे नहीं करती, जबकि पश्चिम बंगाल में टीएमसी की योजनाएं बिना रुके चलती रहेंगी। इस योजना के तहत सामान्य वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1000 और एससी-एसटी महिलाओं को 1200 मिलते हैं।

### एक्सपर्ट बोले- ये आर्थिक संकट सुनामी जैसा

# ईरान युद्ध से आर्थिक दबाव में एशिया के कई देश: तेल-गैस सप्लाई रुकी, फैक्ट्रियां ठप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

ईरान में 28 फरवरी से शुरू हुआ युद्ध एशिया-प्रशांत इलाके पर उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से और ज्यादा असर डाल रहा है। शुरूआत में लगा था कि तेल और गैस की कमी का असर धीरे-धीरे दिखेगा, लेकिन हकीकत में कई देशों की अर्थव्यवस्था और आम जिंदगी पर अचानक बड़ा झटका लगा है। कई विशेषज्ञ इसकी तुलना कोविड जैसे बड़े संकट से कर रहे हैं।

भले ही जल्द शांति समझौता हो जाए, लेकिन इस पूरे क्षेत्र पर इसका असर लंबे समय तक रहने वाला है। आने वाले महीनों में उड़ानें रद्द होने, खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने, फैक्ट्रियों के रुकने, सामान की सप्लाई में देरी और बाजारों में रोजमर्रा की चीजों की कमी देखने को मिल सकती है। इसमें प्लास्टिक बैग, इंस्टेंट नूडल्स, वैक्सीन, सिरिंज, लिपस्टिक, माइक्रोचिप और स्पोर्ट्सवियर जैसी चीजें भी शामिल हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर मिडिल ईस्ट के रास्तों से व्यापार कुछ और हफ्तों तक बाधित रहा, तो कई देशों में हालात बिगड़ सकते हैं, अशांति फैल सकती है और मंदी आ सकती है। कई कंपनियां दिवालिया होने के कगार पर हैं और सरकारें महंगाई को काबू में रखने के लिए भारी कर्ज ले रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, साल के अंत तक एशिया में लाखों लोग गरीबी में जा सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक, दुनिया की अर्थव्यवस्था लगभग हर जगह धीमी हो रही है क्योंकि दुनिया के करीब 20% तेल की सप्लाई बाजार से बाहर हो गई है। मिडिल ईस्ट से आने वाला तेल-गैस रुकने से पूरे एशिया की सप्लाई चेन हिल गई है।



एशिया-प्रशांत पर सबसे ज्यादा असर इसलिए पड़ा क्योंकि यह क्षेत्र मिडिल ईस्ट के तेल और गैस पर बहुत ज्यादा निर्भर है, यहां की अर्थव्यवस्था आपस में गहराई से जुड़ी है और पहले से ही ऊर्जा की मांग ज्यादा थी जबकि सप्लाई कम पड़ रही थी। यहां तक कि अगर होर्मुज की समस्या कल ही ठीक भी हो जाए तो भी तेल और गैस की सप्लाई को पहले जैसे स्तर पर आने में सालों लग सकते हैं।

चीन जैसे अमीर देशों पर असर थोड़ा कम होगा क्योंकि उनके पास ज्यादा संसाधन हैं, लेकिन बाकी एशिया में हालात ज्यादा खराब हैं। कई देशों की असली स्थिति उतनी अच्छी नहीं है जितनी दिखाई जा रही है। वियतनाम के किसान, भारत के मजदूर, श्रीलंका के होटल मालिक, फिलीपींस के ड्राइवर और हांगकांग-सिंगापुर के कारोबारी सबकी चिंता बढ़ी हुई है। कई सरकारें बाहर से शांत दिखने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन अंदर ही अंदर हालात संभालना मुश्किल हो रहा है। ट्रांसपोर्ट, मैन्युफैक्चरिंग और रोजगार ये तीनों बड़े सेक्टर एक साथ दबाव में हैं। ट्रांसपोर्ट सेक्टर में भारी संकट आ गया है। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होते ही एशिया में ट्रक, जहाज और विमान प्रभावित होने लगे। मार्च में दुनिया भर में 92,000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुईं, जो पहले के मुकाबले दोगुनी हैं, और इसका सबसे ज्यादा असर एशिया-प्रशांत में दिखा।

## अमेरिका ने पाकिस्तान की अपील पर सीजफायर बढ़ाया:ट्रम्प बोले- ईरान में एकजुटता नहीं इसलिए वक्त लग रहा, अभी वहां हमले नहीं करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान/वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका, पाकिस्तान की अपील पर ईरान के साथ चल रहे युद्धविराम (सीजफायर) को आगे बढ़ा रहा है। हालांकि उन्होंने यह नहीं कहा कि यह कितने दिन के लिए बढ़ाया गया है।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान के अंदर इस समय नेतृत्व और सरकार में एकजुटता नहीं है। ऐसे वक्त में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ ने उनसे ईरान पर कुछ समय तक हमले रोकने की अपील की, ताकि ईरान को साझा प्रस्ताव तैयार करने का वक्त मिल सके।

ट्रम्प ने कहा कि इस अपील को मानते हुए उन्होंने अमेरिकी सेना को फिलहाल हमला रोकने का आदेश दिया है। हालांकि, सेना को पूरी तरह तैयार रहने को भी कहा गया है और ईरान पर दबाव बनाए रखने के लिए नाकेबंदी (ब्लॉकेड) जारी रहेगी।

उन्होंने साफ किया कि सीजफायर तब तक जारी रहेगा जब तक ईरान अपनी ओर से ठोस और एकजुट प्रस्ताव नहीं दे देता और बातचीत पूरी नहीं हो जाती, चाहे उसका नतीजा कुछ भी निकले।

ट्रम्प की धमकी: ईरान को चेतावनी दी कि अगर पीस डील नहीं हुई, तो अमेरिकी सेना हमले के लिए पूरी तरह तैयार है और आदेश मिलते ही कार्रवाई कर सकती है। कहा कि सीजफायर को आगे नहीं बढ़ाएंगे।

होर्मुज खुलवाने पर बैठक: होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए वड-फ्रांस ने 30 देशों की बैठक बुलाने का फैसला किया है। लंदन में आज यह बैठक होगी।

वेंस की ढअड यात्रा टली: अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा टाल दी गई है। ईरान ने बातचीत के लिए डेलिगेशन को पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

हूती विद्रोहियों की चेतावनी: यमन के हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि जंग अभी खत्म नहीं हुई है।

## थाईलैंड में भारतीय टूरिस्ट पर नस्लभेदी कमेंट: रेस्टोरेंट स्टाफ बोली- इंडिया वेरी बैड

व्लॉगर सूमो ने बताया कि विवाद पैसे को लेकर नहीं था, क्योंकि रकम सिर्फ 120 थाई बात यानी करीब 349 रुपए थी। व्लॉगर ने वीडियो में कहा कि यह पहली बार था जब उन्हें थाईलैंड में ऐसे व्यवहार का सामना करना पड़ा।

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद व्लॉगर ने संदर्भ देने के लिए एक और वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि कई लोग मान लेते हैं कि ऐसी स्थिति में गलती टूरिस्ट की ही होती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं था। व्लॉगर ने बताया कि उन्हें बहस करने के बजाय टूरिस्ट पुलिस को बुलाना बेहतर लगा। पुलिस ने उनकी बात समझी और रेस्टोरेंट के मैनेजर ने उनसे माफी मांगी। इस घटना पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय को लेकर एक जैसी सोच बनाना गलत है। भारत में भी लोगों के मन में कुछ गलत धारणाएं होती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ऐसी सोच सही है।



# ट्रम्प के ऐलान से पहले दांव लगाकर करोड़ों कमाए: बयान से कुछ मिनट पहले ट्रेडिंग में अचानक तेज उछाल, इनसाइडर ट्रेडिंग का शक गहराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान एक दिलचस्प और विवादित ट्रेंड देखने को मिला है। कई ट्रेडर्स (शेयर बाजार में दांव लगाने वाले लोग) बड़े ऐलान से ठीक पहले करोड़ों डॉलर के दांव लगाते दिखे हैं।

अलग-अलग फाइनेंशियल मार्केट के ट्रेड डेटा का विश्लेषण किया और उसे ट्रम्प के बड़े बयानों और घोषणाओं के समय से मिलाया। इसमें एक पैटर्न सामने आया कि कई बार उनके बयान आने से कुछ घंटे या मिनट पहले ही ट्रेडिंग में अचानक तेज उछाल दिखा।

कुछ एक्सपर्ट का मानना है कि यह इनसाइडर ट्रेडिंग का मामला हो सकता है। यानी सूचनाएं पहले ही लीक हो रही थीं, जिससे आम निवेशकों के भरोसे के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वहीं कुछ दूसरे एक्सपर्ट्स कहते हैं कि मामला



इतना सीधा नहीं है। कुछ ट्रेडर्स अब ट्रम्प के फैसलों और बयानों को पहले से भांपने में माहिर हो गए हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री पॉल क्रुगमैन ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि ट्रम्प के करीबी लोगों ने अंदरूनी जानकारी का फायदा उठाकर क्रूड ऑयल मार्केट में करोड़ों डॉलर का खेल खेला है।

### 28 फरवरी 2026: ईरान पर हमले के बाद 6 नए अकाउंट

ब्लॉकचेन विश्लेषण साइट ह्यबबलमैप्सह्न ने खुलासा किया कि फरवरी में अचानक 6 नए अकाउंट बने। दांव: इन सभी अकाउंट्स ने 28 फरवरी तक ईरान पर अमेरिकी हमला होने के पक्ष में भारी पैसा लगाया। नतीजा: जैसे ही ट्रम्प ने हमले की पुष्टि की, इन अकाउंट्स ने कुल 9.9 करोड़ (12 लाख डॉलर) कमाए।

## अमेरिका में 93 साल से इनसाइडर ट्रेडिंग गैरकानूनी

इनसाइडर ट्रेडिंग इसलिए गैरकानूनी मानी जाती है क्योंकि इसमें कुछ लोगों को ऐसी गोपनीय जानकारी मिल जाती है जो आम निवेशकों को नहीं पता होती। इसी जानकारी के आधार पर वे पहले ही पैसा लगा देते हैं और बाद में बड़ा मुनाफा कमा लेते हैं। इससे बाजार में बराबरी खत्म हो जाती है और आम लोगों का भरोसा टूटता है। अमेरिका में 1933 से इनसाइडर ट्रेडिंग गैरकानूनी है। 2012 में नियम और सख्त किए गए और सरकारी अधिकारी, सांसद और उनके स्टाफ भी इस कानून के दायरे में आ गए। यानी अगर किसी नेता या सरकारी व्यक्ति को अंदर की जानकारी मिलती है, तो वह उसका इस्तेमाल करके ट्रेड नहीं कर सकता।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | | ■ | | ■ | 28 | |

**बाएं से दाएं**

1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

**ऊपर से नीचे**

1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन-2
8. वहम, संदेह-2
10. जरूरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना-5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है.-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुकसान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरूर, खुमार-2
22. ओहदा-2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | हा | नी | ■ | प | ती | ला | ■ |
| मा | ला | ■ | र | ■ | र | ■ | वा | दा |
| य | ■ | ■ | व | र | रा | न | ■ | ला |
| ला | प | क | ■ | न | ■ | म | य | न |
| ■ | ■ | र | भी | ■ | तं | की | ■ | ■ |
| मू | र | त | ■ | आ | ■ | न | आ | र |
| र्ति | ■ | थ | ह | का | श | ■ | ■ | की |
| ला | ख | ■ | रा | ■ | ह | ■ | र | व |
| ■ | र | था | ना | ■ | क | ल | श | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 79 | | 15 | | 74 | | 2 | – | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 25 | | 50 | | 25 | – | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | 10 | | 2 | | 25 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 4 | | 40 | | 20 | = | 70 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 4 | | 34 | | 52 | | 5 | = | 80 / 85 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | अ | ज | व | ब | र | ट |
| दा | रा | अ | न | आ | नो | ग | द | इ | ह | वि |
| अ | व | बू | पू | ग | खा | य | त | ग | क | ल |
| द् | जा | रा | ते | र्ध | ज | का | म | ब | त | व |
| भु | त | र | दा | री | र्ल | ग | गो | ग | व | ण |
| त | द | म | वि | य | अ | पू | न | ला | र | वी |
| ती | र्ज | म | रा | हि | प | नु | श | र | ज | ल |
| क | ल | ग | ला | थि | व | वी | प | ल | न | ण |
| ने | व | म | वा | फ | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | प | ज | ज | त्र | दा | जी | र्थ | त |
| वि | शे | ष | त | त | ल | ज | र | वा | त | व |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 4 | | 3 | |
| 2 | 28 | | 33 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| | 31 | 2 | 31 | | 30 | 6 |
| | 1 | | 4 | | 5 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

टीचर- एक औरत एक घंटे मे 50 रोटी बना लेती है, तो तीन औरतें एक घंटे में कितनी रोटी बनाएंगी...

.बच्चा- एक भी नही, क्योंकि तीनों मिलकर सिर्फ चुगली करेंगी...!

.बच्चे की बात सुनकर टीचर अभी तक बेहोश है...

00000000

पप्पू जलेबी बेच रहा था, लेकिन कह रहा था

आलू ले लो आलू ले लो...

राहगीर- लेकिन ये तो जलेबी है

पप्पू- चुप हो जा! वरना मक्खियां आ जाएंगी।

00000000

वकील - हत्या की रात तुम्हारे पति के अंतिम शब्द?

पत्नी - मेरा चश्मा कहां है संगीता...?

वकील - तो इसमें मारने वाली क्या बात थी...?

पत्नी - मेरा नाम रंजना है!

पूरा कोर्ट खामोश...

00000000

एक सज्जन बता रहे थे कि वो पिछले 20 सालों से गीता के उपदेश सुनते आ रहे हैं...!

पता करने पर पता चला कि गीता उनकी धर्मपत्नी का नाम है...!!!

00000000


यमराज (औरत से) - चलो, मैं तुम्हें लेने आया हूं।

औरत - बस दो मिनट दे दो।

यमराज - दो मिनट में ऐसा क्या कर लोगी...?

औरत - फेसबुक पर स्टेटस डालना है, 'Traveling to yamlok'!

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# बंगाल में 5% वोट बढ़े, तो बीजेपी नंबर-1 बनेगी


# मुस्लिम एकजुट हुए, तो असम फिसल जाएगा; 5 राज्यों में बीजेपी का दांव पर क्या लगा

**अगर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के 5% वोटर खिसके, तो बीजेपी नंबर-1 पार्टी बन सकती है। लेकिन अगर असम के 34% मुस्लिम एकजुट हो गए, तो हिमंता बिस्व सरमा की सरकार का लौटना मुश्किल हो जाएगा। 2015 में मध्यप्रदेश के नेता कैलाश विजयवर्गीय को बीजेपी ने महासचिव बनाया और जिम्मेदारी दी पश्चिम बंगाल की। उस वक्त बंगाल में बीजेपी के सिर्फ 2 सांसद थे और विधायक जीरो। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 42 में से 18 सीटें जीत लीं। 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 38% वोटों के साथ रिकॉर्ड 77 सीटें जीती। ळटउ को 48% वोटों के साथ 215 सीटें मिलीं। बीजेपी विपक्ष में बैठी। 2026 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी सरकार बनाने के सबसे करीब है। पश्चिम बंगाल में मुकाबला दो पार्टियों के बीच है। अगर बीजेपी ने ळटउ का 5% वोट भी अपने पाले में कर लिया, तो वह नंबर-1 बन सकती है। 2021 के चुनाव में बीजेपी ने 38 सीटें 5% के मार्जिन से और 75 सीटें 10% के मार्जिन से हारी थीं। ऐसे में बीजेपी इन्हीं सीटों पर टारगेट करेगी।**


### बीजेपी ममता बनर्जी को चुनौती दे सकती

अगर बीजेपी ने TMC के 5% वोट खींच लिए तो 10% के मार्जिन से हारी सीटें बीजेपी जीत सकती है। इस हिसाब से उसकी कुल सीटें 75+77 यानी 152 हो जाएंगी और इसी के साथ नंबर-1 पार्टी बन जाएगी। इलेक्शन एनालिस्ट अमिताभ तिवारी मानते हैं कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी ममता बनर्जी को चुनौती दे सकती हैं। एंटी-इनकम्बेंसी, बेरोजगारी और स्थानीय असंतोष से ममता की ळटउ के लिए मुकाबला और कठिन बन सकता है।

2015 में कांग्रेस के पॉपुलर लीडर हिमंता बिस्व सरमा ने बीजेपी जॉइन की। अगले साल हुए असम विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट और असम गण परिषद से गठबंधन किया। नतीजे आए तो ठउअ को 126 में से 86 सीटें मिलीं।




# केरलम: 6 चुनावों में 11 प्रतिशत बढ़ा बीजेपी का वोट शेयर






**लेफ्ट के गढ़ में इन कामयाबियों के बावजूद बीजेपी के लिए सबसे बड़ी चुनौती है यहां का सामाजिक ढांचा। केरलम की करीब 45% आबादी मुस्लिम और ईसाई है, जो पारंपरिक रूप से बीजेपी के वोटर नहीं माने जाते हैं। वहीं केवल हिंदू वोटर्स को एकजुट कर उनके सहारे सत्ता पाना बीजेपी के लिए मुश्किल है।**

### असम चुनाव 2026

## कांग्रेस को मुस्लिमों का बीजेपी को हिंदुओं का सपोर्ट

विधानसभा चुनाव

| | 2016 | | 2021 | |
|---|---|---|---|---|
| | बीजेपी+ | कांग्रेस+ | बीजेपी+ | कांग्रेस+ |
| असमी हिंदू | 64% | 24% | 67% | 17% |
| असमी मुस्लिम | 7% | 78% | 24% | 65% |
| बंगाली हिंदू | 63% | 31% | 74% | 23% |
| बंगाली मुस्लिम | 6% | 76% | 8% | 89% |

2016 में BJP की अगुवाई वाले NDA में AGP, BPF और 2 छोटे दल थे। और कांग्रेस की अगुवाई वाले महाजोत में UPPL था। AIUDF ने अलग चुनाव लड़ा था।

2021 में NDA में बीजेपी, AGP और UPPL थे। महाजोत में कांग्रेस, AIUDF, BPF और लेफ्ट शामिल थे।

Source: Lokniti-CSDS Post Poll Surveys

2011 की जनगणना के मुताबिक असम में 34% मुस्लिम हैं। अगर मुस्लिमों का वोट कांग्रेस और बदरुद्दीन अजमल की अक्रवऊॠ की पार्टी में बंट गया, तो इससे बीजेपी को फायदा होगा। लेकिन अगर ये वोटर्स एकजुट होकर कांग्रेस के साथ चले गए तो मुकाबला कड़ा हो जाएगा। इसके लिए बीजेपी बांग्लादेश घुसपैठ का मुद्दा उठा रही है। हिमंता ने भी एग्रेसिव हिंदू लीडर की छवि बनाई है।

# 'उत्तर भारतीय पार्टी' की छवि के कारण बीजेपी की राह हमेशा कठिन रही...

तमिलनाडु की राजनीति दशकों से दो द्रविड़ ध्रुवों- उद्वड और अक्अउद्वड के इर्द-गिर्द घूमती रही है। 'हिंदी भाषी' और 'उत्तर भारतीय पार्टी' की छवि के कारण बीजेपी की राह हमेशा कठिन रही।

बीजेपी ने 2001 में उद्वड के साथ चुनाव लड़ा, तो 4 सीटें जीतीं। लेकिन सरकार अक्अउद्वड की जे. जयललिता ने बनाई।

कुछ साल बाद बीजेपी और अक्अउद्वड का गठजोड़ हुआ। इसके चलते 2021 में बीजेपी को फिर से 4 सीटें मिलीं, लेकिन सत्ता उद्वड के एमके स्टालिन ने संभाली।


चुनाव के बाद बीजेपी ने पूर्व क्ढर अधिकारी के. अन्नामलाई को प्रदेश अध्यक्ष बनाया। उन्होंने एग्रेसिव स्ट्रैटजी अपनाई। कुछ समय बाद बीजेपी और अक्अउद्वड अलग हो गए।

वहीं अन्नामलाई ने 'एन मन, एन मक्कल' यानी ह्यमेरी भूमि, मेरे लोगह्न पदयात्रा से हर जिले में बीजेपी का झंडा पहुंचाया। द्रविड़ पार्टियों को भ्रष्टाचार और परिवारवाद के मुद्दे पर घेरा।

2024 का लोकसभा चुनाव बीजेपी ने छोटे क्षेत्रीय दलों से अलायंस किया और 19 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन खाता तक नहीं खुला। अन्नामलाई खुद कोयंबटूर की सीट हार गए।

हालांकि बीजेपी को 11.2% वोट मिले, जबकि 2021 के विधानसभा चुनाव में 2.6% वोट मिले थे। 9 सीट पर बीजेपी दूसरे नंबर पर रही। इसने बीजेपी को द्रविड़ पार्टियों के विकल्प के तौर पर पेश किया।

बीजेपी ने अकेले 60 सीटें जीतीं। पहली बार नॉर्थ-ईस्ट के किसी राज्य में बीजेपी की सरकार बनी। वरिष्ठता के हिसाब से सबानंद सोनोवाल मुख्यमंत्री बने। बीजेपी ने नॉर्थ-ईस्ट में पैर जमाने और बाहरी पार्टी का टैग हटाने के लिए मई 2016 में रीजनल पार्टियों के साथ नया गठबंधन ह्यनॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंसह्न यानी ठएऊअ बनाया। हिमंता इसके संयोजक बने। 2021 में बीजेपी को लगातार दूसरी बार बहुमत मिला। इस बार हिमंता सीएम बने। आज हिमंता नॉर्थ-ईस्ट में बीजेपी का सबसे बड़ा चेहरा हैं और पार्टी आलाकमान के नजदीकी माने जाते हैं। 2026 के चुनाव में बीजेपी हिमंता के चेहरे पर हैट्रिक की तैयारी में है। यहां हार का मतलब होगा- नॉर्थ-ईस्ट में बीजेपी की पकड़ ढीली पड़ना। क्योंकि असम ही नॉर्थ-ईस्ट का प्रवेश द्वार और सबसे बड़ा राज्य है। यहीं बीजेपी सबसे ज्यादा मजबूत है।



■ वर्ष-12 अंक-168 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

अपूर्वः कोऽपि कोशोऽयं विद्यते तव भारति।
व्ययतो वृद्धि मायाति क्षयमायाति सञ्चयात्।।

**भावार्थ** : हे सरस्वती! आपका खजाना वास्तव में अवर्णनीय है; यह खर्च के साथ बढ़ता है और संभालने से घटता है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 22 अप्रैल, 2026

न चोरहार्यं न च राजहार्यं न भ्रातृभाज्यं न च भारकारी।
व्यये कृते वर्धते एव नित्यं विद्याधनं सर्वधन प्रधानम्।।

**भावार्थ** : ज्ञान का धन कोई चुरा नहीं सकता, राजा उसे नहीं ले सकता, वह भाइयों में बाँटा नहीं जाता, बोझ नहीं होता, खर्च करने से बढ़ता है। वास्तव में शिक्षा ही धन है।

## सम्पादकीयम्

### तीव्रताम् आप्नोति

धर्मस्य जातिस्य च विषये सर्वोच्चन्यायालयस्य निर्णयः : विधिः भूमिगतवास्तविकता च विचलति; राजनैतिकविमर्शः तीव्रताम् आप्नोति।
सर्वोच्चन्यायालयेन निर्णयः कृतः यत् यदि कश्चन व्यक्तिः हिन्दुधर्मात्, सिखधर्मात्, बौद्धधर्मात् बहिः धर्मं परिवर्तयति तर्हि सः अनुसूचितजातेः सदस्यः न भवति इदं निर्णयं संविधान (अनुसूचितजाति) आदेशस्य, १९५० इत्यस्य आधारेण अस्ति। न्यायालयेन आरक्षणलाभानां सम्भाव्यदुरुपयोगस्य विषये चिन्ता प्रकटिता। परन्तु धर्मान्तरणस्य अनन्तरम् अपि जाति-आधारित-भेदभावस्य स्थायित्वं विषये प्रचलति सामाजिक-विमर्शः अपि अस्मिन् निर्णये प्रकाशितः। सर्वोच्च न्यायालय मंगलवासरे प्रदत्तस्य महत्त्वपूर्णे निर्णये सर्वोच्चन्यायालयेन स्पष्टीकृतं यत् यदि कश्चन व्यक्तिः हिन्दुधर्मं, सिखधर्मं, बौद्धधर्मं वा विहाय अन्यधर्मं स्वीकुर्वति तर्हि सः अनुसूचितजातेः सदस्यः इति न गणयितुं शक्यते। आन्ध्रप्रदेशस्य एकस्य पादरी-सम्बद्धे प्रकरणे प्रदत्तः अयं निर्णयः व्यापकराजनैतिकसामाजिकनिमित्तं वहति। द्वे पक्षे सर्वोच्चन्यायालयस्य निर्णयः संविधान (अनुसूचितजातीय) आदेशस्य, १९५० तमे वर्षे आधारितः अस्ति। अस्य आदेशस्य खण्डे ३ निर्धारितं यत् केवलं ते एव हिन्दुधर्मं, सिखधर्मं, बौद्धधर्मं वा स्वीकुर्वन्ति ते एव अनुसूचितजातिवर्गे समाविष्टुं योग्याः सन्ति। धर्मान्तरणं जातिं च परितः विवादः दीर्घकालीनः अस्ति, यः द्वौ विशिष्टौ पक्षौ युक्तः अस्ति।

**जम्मू-कश्मीरे प्रमुखा त्रासदी : उधमपुरराजमार्गे हिलसाइडतः**

## बसस्य डुबकी, ९ मृताः अनेकाः गम्भीररूपेण घातिताः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

जम्मू-कश्मीरस्य उधमपुरमण्डलस्य रामनगरक्षेत्रे खगोटे-नगरस्य समीपे एकया यात्रीबसस्य दुःखददुर्घटना अभवत्। अस्मिन् दुर्घटनायां न्यूनातिन्यूनं नव जनाः मृताः, अन्येषां च कतिपयानां गम्भीराः चोटाः अभवन् इति समाचाराः सूचयन्ति। सम्प्रति घटनास्थले राहत-उद्धार-कार्यक्रमाः प्रचलन्ति। आहतानाम् समीपस्थेषु चिकित्सालये प्रेष्यते।

समाचारानुसारं खगोटे-नगरस्य समीपे बसयानं नियन्त्रणात् बहिः गत्वा मार्गात् स्खलितम्। तस्मिन् समये बसयानं रामनगरप्रदेशेन गच्छति स्म। स्थानीयजनाः अवदन् यत् बसयानं वेगं गच्छति स्म, वक्रस्य वातायां नियन्त्रणं त्यक्तवती च। अस्मिन् दुर्घटने मृतानां संख्या वर्धते इति भयम् अस्ति। केचन आहताः विमानेन वाहयित्वा जम्मूनगरस्य जीएमसी-अस्पताले प्रेषिताः सन्ति। घटनायाः सूचनां प्राप्य पुलिस, स्थानीयप्रशासनं, उद्धारदलानि च तत्क्षणमेव तत्स्थानं प्राप्तवन्तः। आहतानाम् बहिः निष्कासनं कृत्वा समीपस्थेषु चिकित्सासुविधासु प्रवेशः क्रियते। उधमपुरस्य शासकीयचिकित्सा महाविद्यालयचिकित्सालये तथा अन्येषु स्वास्थ्यकेन्द्रेषु आपत्कालीनवार्डाः उच्चसचेतनायां स्थापिताः सन्ति। सम्प्रति वैद्यदलानि आहतानाम् चिकित्सां कुर्वन्ति। दुःखदघटनायाः विषये शोकं प्रकटयन् जिलाप्रशासनेन उक्तं यत्, अस्याः घटनायाः विषये विस्तृताः सूचनाः एकत्रिताः सन्ति। रामनगरस्य उपविभागीयदण्डाधिकारी (एसडीएम) उद्धारकार्यं प्रचलति, आहतानाम् तत्कालं चिकित्सासहायता च प्रदत्ता इति पुष्टिं कृतवान्। उधमपुर-रामनगरमार्गे मार्गस्य स्थितिः, मौसमस्य च कारणात् बहुधा दुर्घटनाः भवन्ति। पर्वतीयक्षेत्रं दृष्ट्वा वक्रमार्गेषु गच्छन् सावधानतां ग्रहीतुम् अत्यावश्यकम्। अस्य दुर्घटनायाः परिणामेण स्थानीयक्षेत्रे यातायातस्य आवागमनं बाधितं जातम्। परितः परिसरे यातायातस्य मार्गः पुलिसैः प्रेषितः अस्ति। स्थानीयजनाः भविष्ये बसदुर्घटनानां निवारणाय मार्गसुधारस्य, उत्तमयानप्रबन्धनस्य उपायानां च आग्रहं कुर्वन्ति।

**प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदीः**

## शोधनालयस्य उद्घाटनस्य कार्यक्रमात् केवलं २४ घण्टापूर्वं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदीः शोधनालयस्य उद्घाटनस्य कार्यक्रमात् केवलं २४ घण्टापूर्वं राजस्थाने अग्निघटना अभवत्। अस्मिन् सुविधायां अग्निप्रकोपानन्तरं कृष्णधूमस्य विशालाः मेघाः आकाशे प्रवहन्ति स्म।

एकस्याः प्रतिवेदनस्य अनुसारं शोधनालयस्य इति विभागे अग्निः उत्पन्नः। अधिकारिणः वदन्ति यत्, अधुना यावत्, कस्यापि क्षतिः इति सूचनाः नास्ति। इदानीं सामाजिकमाध्यमेषु अस्य घटनायाः भिडियो वायरल् भवन्ति। अनेके जनाः प्रश्नं कुर्वन्ति यत् एतत् आधिकारिकप्रमादस्य परिणामः आसीत् वा स्वाभाविकघटना आसीत् वा इति।

शोधनालयात् उच्चाः अपेक्षाः बालोत्रानगरस्य पचपद्रा इत्यत्र स्थितम् अयं शोधनालयः भारतस्य प्रथमः ग्रीनफील्ड् एकीकृतशोधनालयः-सह-पेट्रोकेमिकलसङ्कुलः इति रूपेण स्थितः अस्ति। हिन्दुस्तानपेट्रोलियमकार्पोरेशनलिमिटेड् तथा राजस्थानसर्वकारयोः संयुक्तोद्यमः अस्ति। अस्य शोधनालयस्य विषये जनसमूहः महतीं अपेक्षां धारयति। एतेषु अपेक्षासु अग्रणी अस्ति यत् आयातेषु निर्भरतां न्यूनीकृत्य, आन्तरिक-उत्पादन-क्षमतां वर्धयित्वा भारतस्य ऊर्जा-सुरक्षां सुदृढां कर्तुं महती भूमिकां निर्वहति`सोनिया गान्धी इत्यनेन २०१३ तमे वर्षे शिलान्यासः कृतः अस्य शोधनालयस्य आधारशिला मूलतः २०१३ तमस्य वर्षस्य सितम्ब-मासस्य २२ दिनाङ्के राज्ये अशोकगहलोत-नेतृत्वेन सर्वकारस्य कार्यकाले सोनिया गान्धी इत्यनेन स्थापितः। अस्य प्रारम्भिकः अनुमानितः व्ययः ३७,२३० कोटिः आसीत्। शासनपरिवर्तनस्य अनन्तरं पीएम मोदी इत्यनेन २०१८ तमस्य वर्षस्य जनवरी-मासस्य १६ दिनाङ्के परियोजनायाः पुनः आरम्भः कृतः, तदनन्तरं परियोजनायाः व्ययः ४३,१२९ कोटिरूप्यकाणां कृते।

## प्रमुखविमानदुर्घटना : पर्वतप्रहारस्य अनन्तरं निजीविमानदुर्घटना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जशपुर

छत्तीसगढस्य जशपुरमण्डले एकः बृहत् विमानदुर्घटना अभवत्। नारायणपुरक्षेत्रे आरापर्वतेन सह टकरावस्थायां निजविमानं दुर्घटितम्। अस्मिन् दुर्घटने विमानचालकस्य सह-विमानचालकस्य च प्राणाः गताः इति भयम् अस्ति।

घटनायाः सूचनां प्राप्य पुलिस-प्रशासनस्य च दलाः तत्क्षणमेव घटनास्थलं प्राप्तवन्तः। एसएसपी लाल उमेदसिंहः अपि दुर्घटनास्थलं प्रति प्रस्थितवान् अस्ति। दुर्घटनायाः एकः भिडियो प्रकाशितः अस्ति, यत्र पर्वतात् ज्वालाः उद्भवन्ति इति दृश्यते-दुर्घटनायाः भयानकत्वस्य दृश्यसाक्ष्यम्। परन्तु अस्मिन् स्तरे अस्पष्टं वर्तते यत् विमानयाने पायलट्, सह-पायलट् च विहाय अन्ये यात्रिकाः आसन् वा इति। सम्प्रति राहत-उद्धार-कार्यक्रमस्य आरम्भस्य सज्जता प्रचलति, प्रशासनं तु सम्पूर्णघटनायाः विषये विवरणं सक्रियरूपेण एकत्रयति।

## राशिफल

**मेष** : ऑफिस में आप नए-नए विचार भी लाएंगे, जो आपको अपनी प्रोफाइल को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

**वृषभ** : आज का दिन विवाह से जुड़े फैसले लेने के लिए भी अच्छा रहेगा। उधार चुकाने और घरेलू काम निपटाने के लिए दिन अच्छा है।

**मिथुन** : आज धन आपके पक्ष में रहेगा। वित्तीय खर्चों पर कंट्रोल रखें। संतान से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है।

**कर्क** : नैतिकता से समझौता किए बिना पेशेवर प्रयासों को मैनेज करना भी अच्छा है। जीवन में समृद्धि बनी रहेगी।

**सिंह** : संतुलित जीवनशैली के साथ स्वस्थ रहें। धन और स्वास्थ्य दोनों ही आपके पक्ष में रहेंगे। काम में सफलता को प्राथमिकता दें।

**कन्या** : अपने प्रोफेशनल जीवन को बरकरार रखें और सुरक्षित विकल्पों में पैसा लगाना जारी रखें। लाइफ में बैलेंस जरूरी है।

**तुला** : सुरक्षित वित्तीय निवेश विकल्पों पर विचार करें। आज के दिन आपका सेहत का मामला भी पॉजिटिव महसूस होगा।

**वृश्चिक** : आप नए टास्क भी कर सकते हैं, जो आपको पेशेवर क्षमता दिखाने का मौका देंगे। छोटी-मोटी दिक्कतें हो सकती हैं।

**धनु** : आपका दृष्टिकोण काम करेगा और सीनियर्स आपके प्रयासों की तारीफ करेंगे। आपको ऑफिस रोमांस से दूर रहना चाहिए।

**मकर** : आपके प्रयासों को मान्यता मिलेगी। आप धन और स्वास्थ्य दोनों के मामले में भाग्यशाली हैं।

**कुंभ** : आज के दिन पास्ट के मतभेदों के बावजूद, आपका प्रेम जीवन अच्छा रहेगा। खासकर जब आप धन, सेल्स और हेल्थकेयर में हों।

**मीन** : आर्थिक रूप से अच्छी स्थिति में रहेंगे। खर्च बढ़ सकता है, लेकिन दोस्तों के साथ समय बिताकर खुशी मिलेगी।

### ज्योतिष/वास्तु

## मई में बन रहे रुचक और बुधादित्य राजयोग, मेष समेत 5 राशियों के लिए सफलता के योग

मई 2026 का महीना ज्योतिष के अनुसार बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि इस दौरान कई शुभ राजयोग बन रहे हैं। महीने की शुरूआत में मेष राशि में सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य योग बनेगा, जो बुद्धि, मान-सम्मान और करियर में सफलता दिला सकता है।

मई 2026 का महीना ज्योतिष दृष्टि से बेहद खास माना जा रहा है। इस दौरान कई ग्रहों की चाल मिलकर शक्तिशाली राजयोग का निर्माण कर रही है। महीने की शुरूआत में सूर्य और बुध की मेष राशि में युति से बुधादित्य योग बनेगा जो बुद्धि, मान-सम्मान और करियर में सफलता के संकेत देता है। इसके बाद मध्य मई में सूर्य और बुध वृषभ राशि में प्रवेश कर दोबारा बुधादित्य योग बनाएंगे। इससे कई राशियों को शुभ परिणाम मिलने की संभावना है। इसके साथ ही शुक्र का वृषभ राशि में गोचर मालव्य राजयोग का निर्माण करेगा जो सुख-सुविधा, वैभव और आर्थिक उन्नति का कारक माना जाता है। वहीं मंगल के मेष राशि में आने से रुचक राजयोग बनेगा जो साहस, नेतृत्व क्षमता और सफलता को बढ़ाने वाला योग है। ऐसे में मई का महीना कुछ राशियों के लिए किस्मत चमकाने वाला साबित हो सकता है। आइए जानते हैं कि ग्रहों के इन शुभ संयोगों से किन राशियों को करियर, धन, व्यापार और जीवन के अन्य क्षेत्रों में लाभ मिलने के संकेत हैं।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए मई का महीना सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। महीने की शुरूआत में सूर्य आपकी राशि में उच्च स्थिति में रहेंगे जिससे आत्मविश्वास, ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। वहीं राशि स्वामी मंगल के प्रभाव से रुचक राजयोग बन रहा है जो करियर और कार्यक्षेत्र में उन्नति के अवसर दे सकता है। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं जबकि व्यापारियों को विस्तार के मौके मिलेंगे। इस दौरान मेहनत भी अधिक करनी पड़ेगी लेकिन उसका फल संतोषजनक रहेगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलने के संकेत हैं। यात्रा के योग भी बन रहे हैं जो लाभकारी साबित हो सकते हैं।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के लिए मई का महीना लाभ, सुख और समृद्धि देने वाला साबित हो सकता है। इस दौरान शुक्र आपकी राशि में रहकर आकर्षण, सुविधा और आर्थिक मजबूती बढ़ाएंगे। शुक्र के प्रभाव से मालव्य राजयोग बनने के कारण जीवनशैली में सुधार और सुख-सुविधाओं में वृद्धि के संकेत हैं। लंबे समय से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। महीने के मध्य में सूर्य के आपकी राशि में आने से समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और व्यक्तित्व प्रभावशाली बनेगा। नौकरी करने वालों को प्रमोशन, नई जिम्मेदारी या वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकता है। व्यापार में भी अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है।

**तुला राशि-** तुला राशि के लोगों के लिए मई का महीना परिवार, भाग्य और सम्मान के लिहाज से अच्छा रहेगा। इस दौरान घर-परिवार का सहयोग मिलेगा, जिससे कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे हो सकते हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक या धार्मिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। महीने की शुरूआत में सूर्य आपके संबंधों और सामाजिक क्षेत्र को मजबूत करेंगे। इससे लोगों के बीच आपकी छवि बेहतर होगी। सरकारी मामलों में राहत या सफलता मिल सकती है। महीने के मध्य में शुक्र के शुभ प्रभाव से अचानक लाभ मिलने के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि वालों के लिए मई का महीना कई मामलों में लाभकारी साबित हो सकता है। इस समय अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं। इससे आर्थिक स्थिति में सुधार आ सकता है। निवेश या पुराने रुके हुए पैसों की प्राप्ति भी संभव है। हालांकि मनोरंजन, यात्रा या शौक पर खर्च बढ़ सकता है। इसलिए बजट संतुलित रखना जरूरी होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाओं की वृद्धि होगी और परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। नए कार्यों की योजना बना सकते हैं जो आगे चलकर लाभदायक साबित होगी। दांपत्य जीवन और पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**मकर राशि-** मकर राशि के जातकों के लिए मई का महीना मेहनत के साथ अच्छे परिणाम देने वाला रहेगा। इस समय आपको कार्यक्षेत्र में अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है, लेकिन उसका फल भी मिलने की संभावना है। माता-पिता का सहयोग और आशीर्वाद आपके लिए सहायक रहेंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और किसी तीर्थयात्रा या आध्यात्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। संतान पक्ष से खुशी मिलने के संकेत हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति हो सकती है। भाग्य का साथ मिलने से रुके हुए काम गति पकड़ेंगे और जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई देंगे।

## खबर एक नजर...

### चिंतामण रेलवे स्टेशन मार्ग पर 2 पक्षों में विवाद

**उज्जैन।** चिंतामण रेलवे स्टेशन मार्ग पर सोमवार-मंगलवार रात शादी में मोबाइल बार-बार देखने की बात पर हुए विवाद में हर्ष पिता भरत चौकसे निवासी चिंतामण और यश पिता अशोक सौदे निवासी नलियाबाखल का आमना-सामना हो गया। दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई और यश ने अपने साथी दुर्गाप्रसाद वैष्णव के साथ मिलकर हर्ष पर चाकू से वार कर दिया। बीच बचाव में हर्ष का साथी राहुल गुरू आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। यहीं नहीं हर्ष और राहुल ने मिलकर यश सौदे की कार में तोड़फोड़ कर नुकसान कर दिया। बताया जा रहा है। राहुल गुरू और हर्ष चिंतामण मंदिर में शादी कराने का काम करते है। मामले में चिंतामण गणेश थाना एसएचओ हेमराज यादव ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया गया है। इनके बीच शादी के दौरान मोबाइल देखने पर विवाद हुआ था, उसी को लेकर रात में घटना हुई है।

### बच्चों के विवाद में महिला पर पत्थरों से किया हमला

**उज्जैन।** ग्राम उंडासा में रहने वाले धर्मेन्द्र चंदेल के बच्चे का पड़ोस में रहने वाली रामाबाई के बच्चों से विवाद हो गया था। धर्मेन्द्र उन्हे समझाने पहुंचा और बच्चों का ध्यान रखने की बात कहीं। इस दौरान उनके बीच कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद मामला शांत हो गया और धर्मेन्द्र लौट आया, लेकिन रामाबाई अपनी बेटी बुलबल और हीरा के साथ धर्मेन्द्र के घर पहुंची और चिल्ला चोंट करते हुए पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। जिसमें धर्मेन्द्र की पत्नी कृष्णाबाई सिर में पत्थर लगने से घायल हो गई। कृष्णाबाई को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस बयान दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

### विवाद देखना भारी पड़ा युवक का फूटा सिर

**उज्जैन।** शास्त्रीनगर में रहने वाले नीरज पिता पूनमचंद पाटीदार को इंदौर शनि मंदिर के पास विवाद देखना भारी पड़ गया। विवाद में शामिल अज्ञात लोगों ने पीछे से उसके सिर पर लाठियों से हमला कर दिया। घायल नीरज ने बताया कि वह पंथपिपलाई शादी में गया था, जहां से सोमवार रात बाइक से वापस लौट रहा था। रास्ते में 2 पक्षों के बीच विवाद हो रहा था, वह बाइक रोक देखने लगा, उसी दौरान पीछे से उस पर हमला कर दिया। मामले में नानाखेड़ा पुलिस ने चरक अस्पताल में भर्ती नीरज के बयान दर्ज किये है। ऐसा ही एक मामला धरम बड़ला क्षेत्र में ढाबा संचालित करने वाले हरीश उर्फ नाना पिता अजबसिंह ठाकुर निवासी नृसिंहघाट के साथ हुआ। ढाबे के पास अज्ञात युवक बैठा था, उसे जाने के लिये कहा तो उसने हमला कर दिया। जिसमें हरीश उर्फ नाना के साथ उसके यहां काम करने वाला कर्मचारी राघव पिता अशोक त्रिवेदी घायल हो गया। चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने अज्ञात हमला करने वाले के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### 74 साल की महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** चरक अस्पताल में 74 साल की आशाबाई दुबे निवासी अम्बर कालोनी को पति पति सुरेशचंद मंगलवार को उपचार के लिये लेकर पहुंचा था। आशाबाई ने जहरीला पदार्थ खाया था। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद में आशाबाई ने घर में रखा कीटनाशक खा लिया था। ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी है। एक अन्य मामले में नागझिरी क्षेत्र के गांधीनगर में रहने वाले रजत पिता रोशनसिंह सिसौदिया 24 साल ने घर में रखा फिनाइल पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 690-5 | 480-2 |
| मेन बाजार | 190-0 | - |
| मिलन डे | 280-0 | 355-3 |
| मिलन नाइट | 449-7 | 190-0 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 4 | 7 |

## पुलिस ने घेराबंदी कर लिया हिरासत में, रिमांड पर पूछताछ

# गांजा सप्लाय करने पैतृक गांव आया था अधेड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गांजा लेकर पैतृक गांव आये अधेड़ को सोमवार-मंलवार पुलिस ने सूचना मिलने के बाद घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। 15 साल पहले अधेड़ गांव छोड़कर कानवन धार चला गया था।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि सफेद शर्ट, काला पेंट पहने एक व्यक्ति हनुमान मंदिर केसुररोड ग्राम भोमलवास में खड़ा है। जिसके पास मादक पदार्थ गांजा है, वह किसी का इंतजार कर रहा है। तत्काल उन्होने एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, चांदनी पाटीदार, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक महेश मोर्य, अजय चौहान को धरपकड़ के लिये रवाना किया। केसुररोड हनुमान मंदिर पहुंचने पर उक्त व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उसे हिरासत में ले लिया। उसके पास से एक थैली जप्त की गई। जिसमें गांजा भरा हुआ था। पूछताछ करने पर उसका नाम भमरसिंह पिता भारतसिंह 52 साल निवासी कानवन जिला धार सामने आया। थाने लाकर अवैध मादक पदार्थ के साथ हिरासत में आये आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 का प्रकरण दर्ज किया गया। उसके पास से बरामद गांजा 1 किलो 114 ग्राम कीमत 32 हजार का सामने आया। मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। संभावना है कि मादक पदार्थ से जुड़े कुछ ओर लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।



### बड़नगर फतेहपुर का मूल निवासी है भमर

थाना प्रभारी के अनुसार आरोपित से पूछताछ में पता चला कि वह मूलरूप से बड़नगर के फतेहपुर का रहने वाला है। 15 साल पहले बड़नगर छोड़कर कानवन धार चला गया था। उसे गांजा पीने का शौक था, जिसके चलते कुछ तस्करों से संपर्क हुआ। पीने के साथ उसने बेचना भी शुरू कर दिया था। पहले भी पैतृक गांव आकर गांजा ठिकाने लगा चुका है। इस बार भी धार कानवन से गांजा लेकर सप्लाय करने आया था। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि गांजा बड़नगर में किसे देने वाला था।

### मादक पदार्थ की 20 दिन में तीसरी कार्रवाई

जिले में नशे से मुक्ति का अभियान पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। जिसमें बड़नगर थाना पुलिस की 20 दिन में तीसरी कार्रवाई सामने आई है। 4 अप्रैल को रूनिजा मार्ग प्रतिक्षालय से शेरू पिता इफ्तकार हुसैन निवासी नटराज टाकिज को 36.58 ग्राम ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। 6 अप्रैल को मौलाना ब्रिज के पास से बाइक सवार शिवराजसिंह शक्तावत निवासी पिपलिया मंडी मंदसौर को गिरफ्तार कर 3 किलो 125 डोडा चूरा जप्त किया था। मादक पदार्थ को लेकर पुलिस अलर्ट दिखाई दे रही है।

# सिलेंडर बुकिंग को लेकर गैस एजेंसी पर हुई तोड़फोड़

### उपभोक्ताओं ने किया चक्काजाम का प्रयास, पुलिस शांत कराया मामला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गैस सिलेंडरों को लेकर अब भी स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। एजेंसियों पर लम्बी कतार दिखाई दे रही है। मंगलवार को सिलेंडर बुकिंग करने को लेकर क्षिप्रा गैस एजेंसी पर विवाद की स्थिति बन गई। उपभोक्तओं ने तोड़फोड़ कर दी और चक्काजाम का प्रयास किया।

आर्य समाज मार्ग क्षिप्रा गैस एजेंसी पर प्रतिदिन सिलेंडर बुकिंग कराने के लिये उपभोक्तओं की कतार लग रही है। मंगलवार सुबह कतार के बीच निजातपुरा क्षेत्र का रहने वाला एक व्यक्ति पांच डायरी और गांधी नगर में रहने वाला युवक तीन डायरी लेकर बुकिंग के लिये पहुंचा। इस बीच एजेंसी कर्मचारियों और उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई। एक साथ इतनी डायरी को लेकर पूछताछ की गई तो उन्होने मारपीट शुरू कर दी और एजेंसी का गेट तोड़ दिया। एजेंसी के एक कर्मचारी को चोंट आई। संचालक सुनील कछवाय बीच-बचाव के लिये पहुंचे तो उनके साथ भी हाथपाई का प्रयास किया गया। विवाद के चलते कतार में लगे लोग भी आक्रोशित हो गये और सिलेंडर बुकिंग में देरी के साथ समय पर सिलेंडर नहीं मिलने की शिकातय करने लगे। विवाद की जानकारी लगते ही कोतवाली थाना प्रभारी दिनबंधुसिंह तोमर और पुलिसकर्मी मामला शांत कराने के लिये पहुंच गये। लेकिन उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होने नई सड़क बिजली के सामने चक्काजाम का प्रयास किया। पुलिस ने उपभोक्तओं को समझाया और मामला शांत कराकर सिलेंडर बुकिंग के साथ वितरण का काम नियमानुसार कराया। मामले को लेकर थाना प्रभारी का कहना था कि देर शाम तक मामले में किसी भी पक्ष द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वहीं एजेंसी संचालक सुनील कछवाय का कहना था कि तोड़फोड़ के दौरान एक कर्मचारी को चोंट लगी है। वही नुकसान भी हुआ है। मामले में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई जायेगी।

# गिरफ्त में जानलेवा हमले में फरार 4 आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुरानी रंजीश में जानलेवा हमला करने वाले 4 आरोपियों को 45 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पूर्व में चारों आरोपियों के 8 साथियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।

माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि भगवतपुर में रहने वाले गुर्जर समाज के 2 पक्षों में वर्ष 2024 से रंजीश चली आ रही थी। 6 मार्च को दोनो पक्षों में गाली-गलौच होने पर एक पक्ष के 12 लोगों ने मिलकर दिनेश पिता इंदरसिंह गुर्जर 19 साल, हिन्दूसिंह पिता समंदरसिंह गुर्जर 80 साल और विनोद पिता इंदरसिंह गुर्जर 25 साल पर हथियार-लाठी से जानलेवा हमला कर दिया था। मामले में करणसिंह गुर्जर की शिकायत पर सोनू उर्फ सोहन पिता जगदीश, ईश्वर पिता रुगनाथ, घनश्याम पिता मानसिंह, आत्माराम पिता मानसिंह, मोकम पिता प्रहलाद, सचिन पिता होकम, तुफान पिता जगदीश, विष्णु पिता प्रहलाद, कालू पिता रुगनाथ, नाना उर्फ नरेन्द्र पिता जगदीश, भगत उर्फ देवीसिंह पिता मायाराम, और निर्भय उर्फ नाना उर्फ नरेंद्र पिता जगन्नाथ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की 8 संगीन धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। 11 और 22 मार्च को 8 आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई थी। चार आरोपी आत्माराम, नाना उर्फ नरेन्द्र, तूफान और जगदीश उर्फ सीताराम फरार चल रहे थे। चारों को मंगलवार सुबह भगवतपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। दोपहर में चारों को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।



# निगम स्वास्थ्य अधिकारी पर अस्थाई कर्मचारी ने किया हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

काम पर बुलाने की बात पर सीवरेज गाड़ी के अस्थाई कर्मचारी द्वारा नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। कर्मचारी ने आउटसोर्स कर्मचारी के साथ भी मारपीट की। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

महाकाल थाना प्रधान आरक्षक मुनेन्द्र भदौरिया ने बताया निजी अस्पताल में भर्ती नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी कालूराम पिता मदनलाल सोलंकी निवासी गिरीराज रतन कालोनी की शिकायत पर लोहे की रॉड से हमला करने वाले सीवरेज गाड़ी के अस्थाई कर्मचारी बंटी टांक के खिलाफ धारा 115 (2), 296 (बी), 351 (3) का प्रकरण दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार हरसिद्धि चौराहे के पास सीवरेज लाइन की सफाई होना थी मैं नृसिंह घाट मार्ग कर्कराज पर खड़े विभाग के एएसआई विजय बाली के पास पहुंचा उसने बताया कि सीवरेज गाड़ी का ड्राइवर बंटी सुबह फोन नहीं उठा रहा है। उन्होने वायरलेस पर कॉल कर कंट्रोलरूम से दूसरी गाड़ी बुलाने के लिये कहा। तभी बंटी का कॉल विजय बाली के पास आया और कहा कि मुझे क्यों परेशान कर रहे हो। तुम कहां हो उसे कर्कराज पार्किंग के पास होना बताया। कुछ देर में बंटी ने आकर विजय के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी, उन्होने बंटी की हरकत पर आउटसोर्स कर्मचारी देवांश वर्मा से वीडियो बनाने को कहा तो बंटी सीवरेज गाडी से लोहे की रॉड ले आया और देवांश को मारने लगा, उन्होने बीच-बचाव किया तो बंटी ने उन पर हमला कर दिया। प्रधान आरक्षक के अनुसार स्वास्थ्य अधिकारी को कमर और हाथ में चोंट लगी है। निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। बंटी टांक को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com